दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 01 दिसम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 343 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3









# संसद का शीतकालीन सत्र आज

## 2 घंटे चली सर्वदलीय बैठक ... सुनी जाएगी विपक्ष की भी बात : किरेन रिजिजू



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू होगा जो कि 19 दिसंबर तक चलेगा। सत्र से ठीक एक दिन पहले आज रणनीतिक बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। सोमवार को सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक खत्म हो गई है। बैठक में सभी दलों के नेताओं ने दो घंटों तक मंथन किया।

सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'किसी ने नहीं कहा कि संसद नहीं चलेगी या चलने नहीं देगी। कुछ नेताओं ने कहा कि वे एसआईआर पर सदन में हंगामा कर सकते हैं। मैं सकारात्मक रूप से कह रहा हूं कि हम विपक्ष की बात सुनने के लिए तैयार हैं।।। संसद सबकी है, देश की है। संसद में हर मुद्दे पर चर्चा करने का एक तरीका होता है। नियम होते हैं, परंपराएं होती हैं।' सर्वदलीय बैठक के बाद शाम 4 बजे लोकसभा और राज्यसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की अलग-अलग बैठकें होंगी, जिसमें सत्र के कैलेंडर और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए समय निर्धारित किया जाएगा। दूसरी तरफ विपक्ष पूरी तरह हमलावर मोड में है। कल सुबह 10 बजे इंडिया ब्लॉक के फ्लोर लीडर्स की महत्वपूर्ण बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में होगी। इसमें सत्र की रणनीति तय की जाएगी।

शीतकालीन सत्र में सरकार अपने विधेयकों पर चर्चा करेगी। जबकि विपक्ष कई मुद्दों को उठाएगा, खासकर एसआईआर को लेकर टकराव होने की आशंका है। विपक्ष के एजेंडे में सबसे ऊपर- मणिपुर हिंसा, महंगाई-

शेष, पृष्ठ 2

# सांसद अतुल गर्ग ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यों की कर दी जबरदस्त प्रशंसा, बोले- जब से बने हैं वो मंत्री आईटी विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर बहुत नाम है कमाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग का अपना एक अंदाज है और कई बार उनके शब्दों के अर्थ को समझने के लिए शब्दों को कई बार पढ़ना पड़ता है। उनके बारे में ये कहा जाता है कि वो जिसकी तारीफ मंच से कर दें, सार्वजनिक रूप से कर दें तो फिर इसके मायने तलाशने ही पड़ते हैं। उनके तारीफ बाण की तारीफ ये है कि वो कईयों का इलाज अपने इस तीर से कर चुके हैं। हाल ही में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा था कि सांसद अतुल गर्ग को राजनिति में जो कुछ भी मिला वो अपने पिता पूर्व मेयर डीसी गर्ग के कारण मिला। इन शब्दों के बाद जब मौका सांसद अतुल गर्ग के पास



**सांसद अतुल गर्ग ने कहा, जब से साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर आईटी विभाग संभाला है तब से आईटी विभाग ने जबरदस्त ऐतिहासिक तरक्की की है।**



आया तो उनहें ये बताना था के आईटी मंत्री के रूप में सुनील शर्मा का कार्यकाल कैसा रहा है। तो सांसद ने एक पल की देरी किये बिना उन्होंने कहा कि जब से साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर आईटी विभाग संभाला है तब से आईटी विभाग ने जबरदस्त एतिहासिक तरक्की की है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के नेतृत्व में उनके विभाग आईटी ने उत्तर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है। आईटी सैक्टर में इतना काम कैबिनेट मंत्री के नेतृत्व पर हुआ है कि इस विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम कमाया है। सांसद अतुल गर्ग ने यह प्रशंसा की और अब उनकी प्रशंसा के क्या मायने है ये आईटी सैक्टर वाले बता सकते हैं।

आईटी विभाग के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपने विभाग की उपलब्धियों के साथ बता सकते हैं। क्योंकि जब सांसद अतुल गर्ग उनकी तारीफ कर रहे हैं तो फिर यकीनन कुछ तो उपलब्धि हासिल की गयी होगी।

# कुछ इस तरह से दिया सेवा, समर्पण और लग्नशीलता का पैगाम

## राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने किया 10 बूथ लेवल अफसरों का सम्मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बड़े स्तर पर एसआईआर अभियान चल रहा है। भाजपा इस अभियान को संगठन स्तर पर भी चला रही है और चुनाव आयोग के निर्देश पर ये एसआईआर अभियान चल रहा है। इस बार खास बात ये है कि एसआईआर अभियान में बीएलओ लगातार डोर टू डोर जा रहे हैं। वो पूरी तरह से सूची को अपडेट कर रहे हैं। खुद घरों पर जाकर तस्दीक कर रहे हैं कि मतदाता वहां पर रहते हैं या नहीं इन सबके बीच उन्हें कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। मगर चुनौतियों के साथ काम करने पर अगर सम्मान मिलता है तो फिर उत्साह दोगुना हो जाता है। क्षेत्रीय पदाधिकारी मान सिंह गोस्वमी के क्षेत्र में और उनकी पार्षद पत्नी रेखा गोस्वामी के वार्ड 10 में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप



पहुंचे और यहां उन्होंने एसआईआर अभियान में लगे 11 बीएलओं यानी बूथ लेवल अफसरों को सम्मानित किया। डीएलएफ क्षेत्र के वार्ड 10 में जिन बीएलओ ने मेहनत के साथ लक्ष्य को हासिल किया है उन्हें सम्मानित करने के लिए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप पहुंचे। इन बीएलओ का स्वागत करने के लिए क्षेत्र की पार्षद रेखा गोस्वामी मौजूद थीं। जब एसआईआर अभियान में मेहनत करने वाले बीएलओ का सम्मान हुआ तो उनके भी होसले बुलंद हुए और मनोबल बढ़ा। इन सभी 10 बीएलओ को राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने एसआईआर अभियान में कर्मठता से काम करने वाले बीएलओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सभी बीएलओ वास्तव में प्रशंसा के पात्र हैं और इनका सम्मान होना ही चाहिए। इन बीएलओ ने कर्मठता का परिचय दिया और मतदाता सूची को शुद्ध औरपूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मान समारोह में पार्षद रेखा गोस्वामी ने कहा



कि हमारे क्षेत्र में इन 10 बीएलओ ने लगातार काम किया और अपनी कार्यशैली और परिश्रम से इस अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि मानसिंह गोस्वामी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी विपिन डागर, राजन आर्य वाल्मीकि, अनिल पाल, मनोज गुप्ता, मास्टर जितेंद्र शर्मा, राकेश जैन, मो. नसीम कारी, हरीश कसाना, समीर गुप्ता, डॉ. सुशील गोस्वामी, कृष्ण गोस्वामी, डॉ. बी के शर्मा, सरदार सेठी, विजय सिंह, सोनाली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने इस सफल आयोजन के लिए एक-दूसरे को बधाई दी और भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ मतदाता पुनरीक्षण अभियान को जारी रखने का संकल्प लिया।

### ये 10 बीएलओ हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

करंट क्राइम। मेहनत का सम्मान हुआ और सबसे बड़ी बात ये कि सरकार के मंत्री इन बीएलओ को सम्मानित करने पहुंचे। क्षेत्रीय पदाधिकारी मानसिंह गोस्वामी यहां मौजूद रहे। पार्षद रेखा गोस्वामी यहां मौजूद रहीं और सम्मान की अनुभूति बीएलओ को मंच पर हुई। जिन 10 बीएलओ को सम्मानित किया गया उनके नाम कल्पना जैन, राहुल, सुनीता शर्मा, राजेश, नम्रता, बिंदु खान, पैकर सिंह , इकबाल खान, संजीता रावत, राजकुमार हैं।

# नंदग्राम में एमसीए छात्र की संदिग्ध मौत पर बवाल

## परिजनों ने थाने का घेराव कर पुलिस पर लापरवाही के लगाए आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** सिटी जोन के थाना नंदग्राम में एमसीए छात्र वतन राणा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार को परिवारजन और स्थानीय लोग नंदग्राम थाने पहुंच गए और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए थाने का घेराव किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर जांच में देरी कर रही है और पूरे मामले में गंभीर लापरवाही बरत रही है।



मृतक के पिता राकेश राणा और बहन सुरभि ने बताया कि जिस घर में वतन का शव मिला, उस कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। ऐसे में वतन द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की संभावना नगण्य है।


परिवार ने स्पष्ट रूप से इसे हत्या का मामला बताया और आरोप लगाया कि पुलिस हत्या की दिशा में जांच करने के बजाय मामले को आत्महत्या की ओर मोड़ने की कोशिश कर रही है। परिजनों ने मांग की कि सच्चाई सामने लाने के लिए उचित दिशा में निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों को गिरफ्तार कि या।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 6

# सतेन्द्र सिसौदिया के पुत्र के विवाह समारोह को खास बना गये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## भविष्य की राजनीति का दिया एक बड़ा संदेश और बना दिया सतेन्द्र सिसौदिया के लिए एक मजबूत बेस



















**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परिवार में जब मांगलिक कार्यक्रम होते हैं तो ये वो अवसर होते हैं जो राजनीतिक रसूख के लोग भी सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर खुद को मजबूत देखना चाहते हैं। वो चाहते हैं कि समाज और परिवार भी उनकी सियासत में कमाई गयी पूंजी को देखे। समाज और परिवार भी देखे कि राजनीति में हमने प्रतिष्ठा का क्या मुकाम हांसिल किया है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया के पुत्र वर्तुल का शुभ विवाह भाजपा के हापुड़ जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश तोमर की सुपुत्री से हुआ। सतेन्द्र सिसौदिया राजनीति में अपने सौम्य व्यवहार से जाने जाते हैं। राजनीति में उनकी शिष्टता, उनकी विनम्रता उन्हें अलग ही पहचान देती है। सतेन्द्र सिसौदिया के पुत्र के विवाह समारोह में रविवार को जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आये तो उनके आगमन का ही एक बड़ा संदेश राजनीति में गया। मुख्यमंत्री का आना विवाह समारोह को तो खास बना ही गया। वहीं मुख्यमंत्री के आने से सतेन्द्र सिसौदिया के भविष्य की राजनीति के सुनहरे पलों का भी आगाज हुआ। एक स्पष्ट संदेश था कि सतेन्द्र सिसौदिया ने सियासत में एक प्रतिष्ठा अर्जित की है और यहां पर मुख्यमंत्री के आने के बाद ठाकुर राजनीति का एक बड़ा संदेश सियासी गलियारों में गया। सतेन्द्र सिसौदिया के पुत्र वर्तुल के विवाह समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समय भी दिया। वो लगभग 20 मिनट से ज्यादा यहां पर रूके। उनका विवाह समारोह में आना और इस तरह से समय देना ही इस बात का परिचायक है कि सतेन्द्र सिसौदिया ने राजनीति में इतना तो अर्जित किया है कि मुख्यमंत्री जैसी हस्ति भी उनके यहां प्रेम भाव से आ भी रहे हैं और समय भी दे रहे हैं। सतेन्द्र सिसौदिया भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं।

मौजूदा समय में क्षेत्रीय अध्यक्ष हैं और भविष्य की राजनीति के उज्जवल चेहरे हैं। विवाह समारोह में मुख्यमंत्री के आगमन से उनका आशीर्वाद भी सतेन्द्र सिसौदिया के पुत्र और पुत्र वधु को प्राप्त हुआ। केवल धौलाना या गाजियाबाद नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ठाकुर राजनीति में एक संदेश गया।

बहरहाल अब ये चर्चा तो उठ ही गयी है कि सतेन्द्र सिसौदिया अभी क्षेत्रीय अध्यक्ष हैं और ऐसे समय में ये पूरा घटनाक्रम हुआ है जब प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय संगठन में फेरबदल की तैयारी हो रही है। एमएलसी चुनाव भी नजदीक आ रहा है। राजनीति के ईशारे तो सभी समझ रहे हैं और इफैक्ट भी आने वाले समय में शुभ ही आने के संकेत मिल रहे हैं। हाल ही में संगठनात्मक परिवर्तन के जो भी घटनाक्रम घटित हुए हैं। उसको लेकर तमाम तरह की चर्चाएं थीं कि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया के नामों को तवज्जो नहीं दी गई। इसे उनके राजनीतिक नुकसान के रूप में देखा जा रहा था। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके पारिवारिक आयोजन में काफी देर तक शामिल होकर इन तमाम चर्चाओं को ध्वस्त कर दिया है। उनकी मौजूदगी ने सतेन्द्र सिसोदिया की राजनीति का मयार और बढ़ा दिया है।

# दित्वाह का कहर : तूफान तमिलनाडु के तट से 70 किमी दूर




## दित्वाह के असर से तटीय राज्यों में तेज हवाएं

**चेन्नई।** तूफान दित्वाह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में सात किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ रहा है। आईएमडी ने चेतावनी जारी की है कि चक्रवाती तूफान तमिलनाडु-पुद्दुचेरी की तटरेखा के 60 किमी, 50 किमी और 25 किमी के दायरे में आएगा। चक्रवात के कारण हुई मौसमी घटनाओं के कारण तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत होने की खबर है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का कहना है, 'दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी तमिलनाडु-पुड्डुचेरी तटों पर चक्रवाती तूफान दित्वाह पिछले छह घंटों के दौरान 12 किमी प्रति घंटे की गति से लगभग उत्तर की ओर बढ़ गया और आज, 30 नवंबर 2025 को 8:30 बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार) पर उसी क्षेत्र में, अक्षांश 11.4 त ठ और देशांतर 80.6 त ए के पास, कुड्डालोर से लगभग 100 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, कराईकल से 100 किमी पूर्व-उत्तरपूर्व, पुड्डुचेरी से 110 किमी दक्षिण-पूर्व, वेदारनियम से 140 किमी उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 180 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। उत्तर तमिलनाडु-पुड्डुचेरी तटों से चक्रवात के केंद्र की न्यूनतम दूरी लगभग 70 किमी है। चक्रवाती तूफान आज दोपहर और शाम तक तमिलनाडु-पुड्डुचेरी तट से न्यूनतम 60 किमी और 30 किमी की दूरी पर बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में केंद्रित होगा।'

## कई इलाकों में रेड अलर्ट, नेल्लोर में एनडीआरएफ की टीम तैनात





## तमिलनाडु में बारिश जनित घटनाओं में तीन लोगों की मौत

चक्रवाती तूफान दित्वाह के चलते एनडीआरएफ की 30 सदस्यों वाली एक टीम आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में तैनात की गई है। टीम जिला प्रशासन के साथ समन्वय में काम कर रही है ताकि तूफान के असर को कम से कम किया जा सके। चक्रवाती तूफान दित्वाह श्रीलंका में भारी तबाही मचाने के बाद भारत में तमिलनाडु के तट की ओर बढ़ रहा है। दित्वाह तमिलनाडु के तट से करीब 70 किलोमीटर दूर है और तेजी से तट की ओर बढ़ रहा है। श्रीलंका में तूफान दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है और वहां करीब 200 लोगों की मौत हुई है। साथ ही दर्जनों लोग लापता भी बताए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि राहत और बचाव कार्यों के बाद नुकसान की पूरी स्थिति साफ हो सकेगी।



## दित्वाह को लेकर मौसम विभाग अलर्ट मोड पर

चक्रवात दित्वाह के कारण अचानक बदले मौसम की चपेट में आने से तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत होने की खबर है।

# आज से संसद का शीतकालीन सत्र आरंभ, हंगामेदार सत्र के आसार

## केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। केंद्र और विपक्ष के बीच इस शीतकालीन सत्र में कई मुद्दों को लेकर हंगामा छिड़ने के आसार अभी से नजर आ रहे हैं। शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को हुई केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू समेत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गौरव गोगोई और अन्य नेता शामिल हुए।

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने कहा, 'ऐसा लगता है कि सरकार, भाजपा, प्रधानमंत्री भारत के लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को खत्म करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, ये संभवतः सबसे छोटा शीतकालीन सत्र; ऐसा लगता है कि सरकार संसद को पटरी से उतारना चाहती है। उन्होंने संसद में पार्टी की रणनीति को लेकर कहा, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा, वायु प्रदूषण, लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की सुरक्षा पर चर्चा की मांग की।



### कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप
### संसद में सरकार को घेरने की तैयारी

सर्वदलीय बैठक के बाद माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने कहा, दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट ने सरकार की पोल खोल दी है। हमारी पार्टी सुरक्षा से मुद्दों पर संसद में विस्तृत चर्चा चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि संसद बाधित होती है और ठप्प होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**'किसी ने नहीं कहा कि संसद नहीं चलने देंगे', बोले किरेन रिजिजू :** सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'किसी ने नहीं कहा कि संसद नहीं चलेगी या चलने नहीं देंगे। कुछ नेताओं ने कहा कि वे रक्फ़ पर सदन में हंगामा कर सकते हैं। मैं सकारात्मक रूप से कह रहा हूं कि हम विपक्ष की बात सुनने के लिए तैयार हैं। संसद सबकी है, देश की है। संसद में हर मुद्दे पर चर्चा करने का एक तरीका होता है। नियम होते हैं, परंपराएं होती हैं।'

किरेन रिजिजू ने कहा, 'शीतकालीन सत्र में हम आशा करते हैं कि सभी लोग शांत मन से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे। संसद में बहस होगी और मुझे उम्मीद है कि कोई व्यवधान नहीं होगा। अगर हम शांत मन से काम करेंगे, तो यह देश के लिए फायदेमंद होगा और संसद सत्र सुचारू रूप से चलेगा।

# 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ाई गई, अब 11 दिसंबर तक चलेगा पुनरीक्षण




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 11 दिसंबर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का एलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसंबर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसंबर तक बढ़ाई गई है।

**15 जनवरी तक आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे मतदाता :** आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसंबर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 30 नवंबर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसंबर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि 16 दिसंबर से सात फरवरी के बीच सभी राज्यों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर मतदाताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे।

## यूपी में फॉर्म भरने की तारीख एक सप्ताह बढ़ी

यूपी में चुनाव आयोग द्वारा करवाए जा रहे एसआईआर अर्थात मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए एसआईआर कराने की अंतिम तारीख को एक सप्ताह बढ़ा दिया गया है। अब एसआईआर फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 11 दिसंबर हो गई है। एसआईआर की डेडलाइन एक सप्ताह बढ़ाए जाने के बाद अब मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन 9 दिसंबर के बजाय 16 दिसंबर को होगा और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी की जगह 14 फरवरी को आएगी। बता दें कि कई जिलों के बीएलओ ने काम के दबाव की शिकायत की थी और कई कर्मचारियों की मौत भी हो गई थी।



**मुरादाबाद में सुबह बीएलओ ने जान दी :** इसके पहले यूपी के मुरादाबाद में 46 वर्षीय सर्वेश सिंह ने आत्महत्या कर ली। पुलिस और परिजनों को मौके से सुसाइड नोट मिला है। सर्वेश सिंह भगतपुर टांडा ब्लॉक के जाहिदपुर सीकमपुर गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने बताया कि सात अक्तूबर को उन्हें बीएलओ बनाया गया था।

# सीएम योगी ने सुनी लोगों की समस्याएं

## बोले- घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान



**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन, रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, ह्यघबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा ह्व जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इससे पहले शनिवार को भी सीएम ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी थीं।

**'माफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'**

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण कराया जाए।

जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर सीएम योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर यदि कोई कब्जा करने की कोशिश करे तो उसे ठीक से सबक सिखाया जाए। गरीब की जमीनों पर दबंग या माफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में अंबेडकरनगर से आई एक महिला ने बाजार गए अपने बच्चे के साइकिल सहित गायब होने की पीड़ा बताई।

# दिल्ली में प्रदूषण से थोड़ी राहत एक्यूआई 300 से नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। इंडिया गेट और कर्तव्य पथ जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 222 दर्ज किया गया, जिसे 'खराब' श्रेणी में रखा गया है। इसी तरह, आईटीओ में भी एक्यूआई 269 तक पहुंच गया है, जो गंभीर वायु प्रदूषण का संकेत है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी किए गए इन आंकड़ों ने राजधानीवासियों की चिंता बढ़ा दी है।



सर्दियों के आगमन के साथ ही दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या हर साल गहराती जाती है। विभिन्न कारकों, जैसे वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण गतिविधियों से उड़ने वाली धूल, और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं के कारण हवा की गुणवत्ता तेजी से गिरती है। इस वर्ष भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। इंडिया गेट और कर्तव्य पथ जैसे पर्यटक आकर्षणों और सरकारी प्रतिष्ठानों वाले क्षेत्रों में जहरीले स्मॉग की चादर बिछ जाना, इस बात का प्रमाण है कि समस्या कितनी विकट हो चुकी है।

**7 दिन बाद 8 डिग्री के नीचे गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठिठुरन :** राजधानी में आने वाले दिनों में न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंचेगा। मौसम विभाग के अनुसार, इस बीच मौसम साफ रहने का अनुमान है। हालांकि, सुबह में हल्की से मध्यम धुंध या कोहरा देखने को मिल सकता है।

# बीएलओ के बढ़े हुए मानदेय का बंगाल सरकार ने नहीं किया भुगतान, चुनाव आयोग ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बीते दिनों बीएलओ के मानदेय को बढ़ाने का आदेश जारी किया था। हालांकि चुनाव आयोग के आदेश के बावजूद बंगाल की टीएमसी सरकार ने बीएलओ और निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारियों को बढ़े हुए मानदेय का भुगतान नहीं किया। इसे लेकर अब चुनाव आयोग ने आपत्ति जताई है।




**चुनाव आयोग ने मानदेय बढ़ाने के लिए जारी किया था नोटिफिकेशन**

चुनाव आयोग ने बीते अगस्त में एक नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें लिखा 'शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र के आधार हैं। मतदाता सूची तैयार करने वाली मशीनरी में इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ शामिल होते हैं, जो मतदाता सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। चुनाव आयोग ने बीएलओ और अन्य अधिकारियों का सालाना मानदेय बढ़ाने का फैसला किया है। इससे पहले साल 2015 में बीएलओ और मतदाता सूची तैयार करने वाली मशीनरी के अधिकारियों का मानदेय बढ़ाया गया था।'

नोटिफिकेशन के अनुसार, 2015 से बीएलओ को सालाना मानदेय 6 हजार रुपये था, जिसे बढ़ाकर 12 हजार कर दिया गया है। वहीं मतदाता सूची के लिए पहले बीएलओ को एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, जिसे अब बढ़ाकर दो हजार रुपये कर दिया गया है। बीएलओ सुपरवाइजर को पहले 12 हजार रुपये का मानदेय मिलता था, जो अब बढ़ाकर 18 हजार कर दिया गया है। वहीं इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी को 30 हजार और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी को 25 हजार रुपये का सालाना मानदेय मिलेगा। पहले इन अधिकारियों को कोई मानदेय नहीं मिलता था।

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा है कि हमने टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बीएलओ के बढ़ाए गए मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

# मणिपुर में बेघर हुए लोगों की गुहार, बोले- घर लौटने दो

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा के कारण अपने घरों से बेघर हुए सैकड़ों लोगों ने रविवार को इंफाल स्थित राजभवन के पास जोरदार प्रदर्शन किया।



प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि उन्हें जल्द से जल्द अपने घरों में वापस लौटने दिया जाए।

प्रदर्शन में शामिल लोग चुराचांदपुर, कांगपोकपी, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों से थे। मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद ये सभी लोग राहत शिविरों में जीवन बिता रहे हैं

प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और हाथों में बैनर पकड़े जिन पर लिखा था, 'विस्थापित जीवन मायने रखता है', 'लोग संगाई उत्सव का बहिष्कार करते हैं. 'अधिकार पहले, पर्यटन बाद में. 'हमारे मौलिक अधिकार सुनिश्चित करें' लोगों का आरोप है कि सरकार संगाई पर्यटन उत्सव आयोजित कर 'राज्य में सामान्य स्थिति लौट आई है' का दावा कर रही है, जबकि हजारों विस्थापित अब भी घरों से दूर शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

प्रदर्शनकारियों को कंगला गेट के पास, राजभवन से लगभग 200 मीटर पहले, सुरक्षा बलों ने रोक दिया। वहां से उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारी उरिपोक क्षेत्र की ओर मार्च करते हुए आगे बढ़े।

# लाल किला कार विस्फोट का रामपुर कनेक्शन, पकड़े गए दो मौलवी

## एनआईए की टीम ने रामपुर में डाला डेरा

**रामपुर।** दिल्ली में विस्फोट की घटना का यूपी के रामपुर का कनेक्शन सामने आया है। शुक्रवार की रात एनआईए टीम ने हल्द्वानी और नैनीताल मस्जिद के जिन दो मौलवियों को पकड़ा है, वह दोनों रामपुर के रहने वाले हैं। आतंकियों को तलाशने के लिए एनआईए की टीम ने तीन दिन से रामपुर जिले में डेरा डाले हुए है। हालांकि एसपी विद्यासागर मिश्र ने कोई भी जानकारी से मना कर दिया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली विस्फोट में फिदायीन आंतकी डॉ. उमर नबी के मोबाइल फोन से मिली कॉल डिटेल से अहम लिंक मिलने के बाद एनआईए और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी टीमें तीन दिन से रामपुर जिले में हैं। टीम टांडा, दढ़ियाल और शाहबाद क्षेत्र में संदिग्ध ठिकानों पर नजर रखे हुए है।

शुक्रवार रात एनआईए टीम ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में बिलाल मस्जिद के मौलवी मोहम्मद आसिम कासमी को पकड़ा है। उधर नैनीताल मस्जिद के मौलाना नईम से भी पूछताछ कर रही है। दोनों दढ़ियाल रामपुर के रहने वाले हैं। हालांकि एनआईए ने अभी तक रामपुर से कोई गिरफ्तारी नहीं की है।

# एसआईआर से डरने की जरूरत नहीं लोकतंत्र होगा मजबूत : जयंत चौधरी

**लखनऊ।** केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि एसआईआर को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अंदर भय है। इसलिए वह लोगों को डराने का कार्य कर रहे हैं। हम सभी को एसआईआर से डरने की जरूरत नहीं है और हमें अपना वोट सुरक्षित रखने के लिए सहयोग करना चाहिए।



वह छपरौली में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे थे। अखिलेश यादव के एसआईआर से लोगों को मकान, दुकान से बेदखल करने के बयान पर उन्होंने कहा कि उनके अंदर डर बना हुआ है। वह खुद तो डरे हुए हैं, लेकिन दूसरों को भी डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर से हमें डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि हमें एसआईआर प्रक्रिया को पूरी कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य करना चाहिए। सभी लोगों को एसआईआर का फार्म भरकर अपनी वोट को सुरक्षित रखने का कार्य करना चाहिए और सभी को एसआईआर पर निगाह रखनी चाहिए ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। एसआईआर फार्म भरने से लोकतंत्र को मजबूत बनाने का अधिकार मिलेगा।

श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वेस्ट यूपी का पहला सिंथेटिक ट्रैक बनवाया गया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 01 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# सांसद अतुल गर्ग ने जब सुनी इंदिरापुरम में 'मन की बात'
## तब क्यों नजर नहीं आये कैबिनेट मंत्री और विधायक सुनील शर्मा उनके साथ








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में लोग जानते हैं कि दूरी क्या चीज होती है और मजबूरी क्या चीज होती है। डिस्टेंस कौन मेंटेन कर रहा है और सस्पेंस क्या चल रहा है इसे सब समझते हैं। भगवागढ में इन दिनों कभी कभी पावर सेंटर की बात चलती है। कल तक जो कहते थे कि हम सब एक हैं अब सुना है कि वो अलग अलग राहों के मुसाफिर हो गये हैं। लेकिन जब बात मन की हो तो उसे तो एक साथ बैठकर कहा भी जा सकता है और सुना भी जा सकता है। मगर रविवार को जब साहिबाबाद विधानसभ क्षेत्र में गाजियाबाद में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इंदिरापुरम मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मन की बात सुनी तो सबने देखा कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा नहीं आये। सूत्र बताते हैं कि ना तो कोई दूरी थी और ना ही कोई मजबूरी थी क्योंकि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की लोकेशन रविवार को गाजियाबाद में ही थी। मगर वो अपनी ही विधानसभा में हो रहे मन की बात कार्यक्रम में लोकसभा सांसद के साथ जब नहीं दिखाई दिये तो चर्चा शुरू हो गयी। आखिर कैबिनेट मंत्री क्यों नजर नहीं आये। चर्चा यही चली कि आखिर दोनों के बीच में ऐसा क्या चल रहा है कि सांसद तो गाजियाबाद से चलकर साहिबाबाद के इंदिरापुरम में आये और साहिबाबाद के विधायक इंदिरापुरम में ही नजर नहीं आये। कार्यक्रम तो संगठन का था और संगठन के कार्यक्रम में दोनों एक साथ हो सकते थे। ऐसे मं कैबिनेट मंत्री का अपनी ही विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में नजर नहीं आना कुछ तो संदेश दे रहा है। सवाल यही है कि क्या दोनों के मन में कोई ऐसी बात है कि जो दोनों एक साथ बैठकर मन की बात भी नहीं सुन रहे हैं।

### पूर्व मंडल अध्यक्ष रहे मौजूद और वर्तमान मंडल अध्यक्ष भी नजर नहीं आये

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद जिस मंडल में मन की बात सुन रहे थे वहां पर ये भी एक सीन रहा कि मन की बात सुनने के लिए पूर्व के मंडल अध्यक्ष तो आ गये लेकिन वर्तमान मंडल अध्यक्ष नजर ही नहीं आये। ऐसा एक ट्रेंड बतायाजाता है और इंदिरापुरम में पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्षी पहुंचे। लेकिन मौजूदा मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता नजर नहीं आयीं। वो मन की बात सुनने नहीं पहुंची और सबसे खास बात ये रही कि पूर्व मंडल अध्यक्ष और उनकी टीम पहुंची लेकिन मौजूदा मंडल अध्यक्ष और उनकी टीम के चेहरे इस कार्यक्रम से दूरी बना गये। खास बात ये भी रही कि कार्यक्रम भी पूर्व वाले अध्यक्ष के कार्यालय पर आयोजित हुआ। दूरियों का ये संदेश बहुत दूर तक गया।

### जब पूर्व वालों ने फोन मिलाया तो वर्तमान ने खुद को बिजी बताया

करंट क्राइम। मंडल में कार्यक्रम हो रहा है और कार्यक्रम संगठन का है। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद पहुंचे हैं और कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात काहे। ऐसे में इंदिरापुरम की मंडल अध्यक्ष पूर्व पार्षद मंजुला गुपता को वहां होना चाहिए था लेकिन वो नहीं पहुंची। बताते हैं कि जब पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला ने वर्तमान मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता को फोन मिलाया और मन की बात कार्यक्रम में आने के लिए कहा तब मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कहा कि मैं इस समय मतदाता गहन सूची पुनरीक्षण अभियान एसआईआर में बिजी हूं। मैं बीएलओं के साथ क्षेत्र में फार्म का काम कर रही हूं। हो सकता है कि मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता वास्तव में बीएलओं के साथ कार्य देख रही हों । क्योंकि ये कार्य भी संगठनका है और इसके लिए भी सभी को निर्देश मिले हैं। मगर सवाल ये है कि अगर विधानसभा क्षेत्र में सांसद आ रहे हैं और मंडल में प्रधानमंत्री के मन की बात का कार्यक्रम है तो इसकी सूचना पहले से ही मंडल अध्यक्ष के पास होगी। मंडल अध्यक्ष ने अपनी टीम के सदस्यों को सूचित किया होगा। अगर सूचना है और फिर भी टीम के लोग नहीं पहुंचे तो ये एक सोचने का विषय है। मंडल में कार्यक्रम हो रहा है और मंडल अध्यक्ष को ही सूचना नहीं है तो फिर ये और अधिक चिंतन करने का विषय है।

## श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नोएडा के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री महेश शर्मा की माता जी श्रीमती ललिता शर्मा का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए कई राजनीतिक हस्तियां श्रद्धांजलि सभा में पहुंची। इस मौके पर पूर्व विधायक रामनरेश रावत ने भी स्वर्गीय माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महापौर ने गृहकर में 20% छूट की अवधि बढ़ाई, अब 31 दिसंबर तक मिलेगा लाभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद ने शहरवासियों को आर्थिक राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जनहित को प्राथमिकता देते हुए महापौर सुनीता दयाल ने गृहकर में दी जा रही 20 प्रतिशत छूट की अवधि को बढ़ाने का फैसला किया है।

अब सभी संपत्ति करदाताओं को यह राहत 31 दिसंबर 2025 तक प्राप्त होगी। नगर निगम के अनुसार, प्रत्येक संपत्ति धारक को अपने भवनों पर निर्धारित




संपत्तिकर निगम कोष में जमा कराना अनिवार्य है। शहर की सुविधाओं एवं विकास कार्यों में जनता की अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए निगम सदन द्वारा करदाताओं को छूट का प्रावधान किया गया था। महापौर ने इस छूट को आगे बढ़ाकर न केवल लोगों को राहत देने का कार्य किया है, बल्कि समय पर कर जमा करने के लिए प्रोत्साहन भी प्रदान किया है। निगम प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय नागरिकों पर आर्थिक बोझ कम करने और नगर निगम की राजस्व वसूली को व्यवहारिक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। छूट अवधि बढ़ने से अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सकेंगे और शहर के विकास कार्यों में अपनी जिम्मेदारी निभा सकेंगे।

# डीसीपी ट्रांस हिंडन 106 के स्ट्राइक रेट के साथ नॉट आउट
## हाफ एनकाउंटर मॉडल से अपराध पर कसा शिकंजा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराध नियंत्रण को मजबूत करने के लिए अपनाया गया हाफ एनकाउंटर मॉडल अब सबसे प्रभावी रणनीति बनकर उभरा है। ट्रांस हिंडन जोन में तैनात डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल ने इस मॉडल को जमीन पर उतारते हुए अपराधियों के मन में गहरी दहशत और कानून-व्यवस्था में जनता का भरोसा बनाया है। अपने कार्यकाल में वे 106 हाफ एनकाउंटर के स्ट्राइक रेट के साथ नॉट आउट चल रहे हैं, जो गाजियाबाद पुलिस प्रणाली की सक्रियता और सख्ती को दशार्ता है।

### इंदिरापुरम सर्किल चल रहा है सबसे आगे



करंट क्राइम : अपराध नियंत्रण की इस नीति में इंदिरापुरम सर्किल का योगदान भी अहम रहा, जहां इंदिरापुरम, कौशांबी और खोड़ा थानाक्षेत्र में अब तक 31 हाफ एनकाउंटर किए गए हैं। इन कार्रवाइयों में पुलिस ने लूट, हत्या, चोरी और माहौल खराब करने वाले शातिर अपराधियों पर एक के बाद एक शिकंजा कसा है। तो वहीं ऑपरेशन लंगड़ा के तहत कई ऐसे गैंगस्टरों को पकड़ा गया या लंगड़ा किया गया, जो दिल्ली और नोएडा पुलिस के लिए भी सिर दर्द बने हुए थे। इस पूरे अभियान में महिला सब-इंस्पेक्टरों की सक्रिय भागीदारी ने महिला सशक्तिकरण का भी मजबूत संदेश दिया है।

### दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक हुई मुठभेड़



करंट क्राइम : पुलिस टीमों ने अपराधियों से आमने-सामने मुठभेड़ की हैं। कई बदमाश चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग करते हुए पकड़े गए, जबकि कई को गोली लगने के बाद मौके से दबोचा गया। पिछले दो वर्षों में दर्ज 106 हाफ एनकाउंटरों ने यह साबित कर दिया है कि गाजियाबाद पुलिस का यह मॉडल अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने और शहर के माहौल को सुरक्षित बनाने में बेहद कारगर है। कुल मिलाकर, डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल का यह स्ट्राइक रेट और ट्रांस हिंडन में संचालित हाफ एनकाउंटर मॉडल अपराध नियंत्रण की दिशा में गाजियाबाद पुलिस की सबसे प्रभावशाली उपलब्धियों में एक माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बढ़ा गये महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का मयार
## अपने साथ कार में बिठाया और हुए हिंडन एयरपोर्ट के लिए सवार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कुछ पल राजनीति में अदभुत होते हैं, अभूतपूर्व होते हैं और ये पल अपने आप में एक उपलब्धि होते हें। इन पलों का वर्षों तक महत्व रहता है। राजनीति में ये उपलब्धि वाले खाते में दर्ज होते हैं। एक ऐसा ही पल गाजियाबाद में तब आया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को अपने साथ कार में बैठाया और सभी ने देखा कि मुख्यमंत्री महानगर अध्यक्ष को अपने साथ लेकर हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे। ये एक तरह से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की राजनितिक उपलब्धि है। संभवतः भाजपा के संगठन वाले इतिहास में किसी मुख्यमंत्री ने पहली बार अपने किसी कार्यक्रम में संगठन के महानगर अध्यक्ष को इतनी तव्वजो दी है और अपने साथ कार में बैठाकर लेकर गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र



**एक महानगर अध्यक्ष के रूप में ये मयंक गोयल के लिए बड़ी उपलब्धि है और एक मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ का ये बड़प्पन है। निश्चित रूप से ये एक उपलब्धि है।**



सिसौदिया के पुत्र के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए आये थे। वहजब पुलिस लाईन में पहुंचे तो यहां पर भाजपा जनप्रतिनिधियोंने उनका स्वागत किया, महानगर अध्यक्ष ने भी स्वागत किया और सभी विवाह समारोह स्थल के लिए रवाना हो गये। लेकिन जब मुख्यमंत्री विवाह समारोह स्थल से वापस लखनऊ जाने के लिए रवाना हो रहे थे तो यहां बेहद रोचक पल आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को अपने पास बुलाया और फिर उन्हें अपने साथ कार में बैठाया । मुख्यमंत्री का काफिला यहां से सीधा यूपी गेट पहुंचा और यूपी गेट से एलिवेटिड रोड होते हुए हिंडन एयरपोर्ट पहुंचा। वेदांता से लेकर यूपी गेट , यूपी गेट से एलिवेटिड रोड होते हुए हिंडन एयरपोर्ट तक महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उन्हीं की कार में उन्हीं के साथ थे। एक महानगर अध्यक्ष के रूप में ये मयंक गोयल के लिए बड़ी उपलब्धि है और एक मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ का ये बढप्पन है कि उन्होंने संगठन नामक संस्था के महत्व को बताया है। संगठन के महानगर अध्यक्ष को अपने साथ ले जाकर सभी को संदेश दिया है कि संगठन सर्वोपरि होता है। मयंक गोयल भाजपा के मूल कार्यकर्ता हैं। पूरा परिवार संघ पृष्ठ भूमि से आता है। एक ऐसा परिवार जो सनातन संस्कृति को अपने आचार विचार, व्यवहार में समावेशित किये हुए है। ऐसे परिवार से आने वाले महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जब मुख्यमंत्री के साथ कार में सवार हुए तो कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह था। निश्चित रूप से ये एक उपलब्धि है। रोचक पल इसे कहा जा सकता है। वैसे भी इस मयार का इसलिए भी महत्व है कि कुछ ही दिनों में संगठन की घोषणा होने वाली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक नये चेहरे आयेंगे। मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष हैं और मुख्यमंत्री के साथ उनका जाना एक बड़ा और मजबूत संदेश पूरी भाजपा में दे गया है।

## छात्रा पर जानलेवा हमला: युवक ने घर में घुसकर सिर में मारी गोली



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शनिवार रात को छात्रा घर में अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के अनुसार, इस बीच युवक आया और छात्रा पर तमंचे से फायरिंग कर दी और फरार हो गया। गोली छात्रा के सिर में लगी, वह लहूलुहान होकर नीचे जमीन पर गिर गई। थानाक्षेत्र भोजपुर के नगलाबेर गांव में शनिवार रात युवक ने घर में घुसकर छात्रा के सिर में गोली मार दी। बताया जा रहा है कि युवक छात्रा से एकतरफा प्यार करता है, छात्रा की शादी तय होने पर वारदात को अंजाम दिया। मेरठ के निजी अस्पताल में गंभीर हालत में छात्रा को भर्ती कराया गया है। पुलिस को मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगी है।

नगलाबेर गांव निवासी व्यक्ति की बेटी एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। बताया गया है कि गांव निवासी एक युवक छात्रा को काफी समय से परेशान कर रहा है। वह छात्रा से एकतरफा प्रेम करता था। पिछले दिनों छात्रा की शादी तय हो गई। शादी तय होने के बाद से ही आरोपी नाराज चल रहा था।

शनिवार रात को छात्रा घर में अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के अनुसार, इस बीच युवक आया और छात्रा पर तमंचे से फायरिंग कर दी और फरार हो गया।

# पुलिस कमिश्नर ने सिटी जोन में अपराध नियंत्रण का बनाया प्लान
## वाहन चोरी, छिनैती और महिला अपराधों पर लगानी है लगाम

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलेगा निरंतर अभियान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सिटी जोन के अंतर्गत अपराध नियंत्रण और वार्षिक कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के दिशा निर्देश देने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, सभी एसीपी और सिटी जोन के थाना प्रभारी शामिल किए गए थे। डीसीपी सिटी जोन में जहां अलग-अलग थानाक्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए रोड मैप बताया गया है। तो वहीं वर्ष 2026 में अपराध नियंत्रण और क्राइम रेट कम करने की प्लानिंग की गई है। इस दौरान विगत वर्षों की तुलना में वाहन चोरी, लूट, छिनैती, महिलाओं से संबंधित अपराध और हीनियस क्राइम कंट्रोल को लेकर भी कार्य योजना बनाई गई है।





### कैमरों की निगरानी से बढ़ेगी मॉनिटरिंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं ताकि अपराधियों पर निगरानी रखी जा सके और उनपर कार्रवाई करने में आसानी हो। इसके साथ ही रात्रि कालीन गश्त व्यवस्था और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान के लिए भी इसे बेहद आवश्यक बताया गया है। इसके साथ ही मीटिंग में महिला अपराध रोकने के लिए भी इसका हर हाल में इस्तेमाल करने की दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### बीट पुलिसिंग पर मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सिटी जोन के पुलिस अधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में प्रत्येक वादी संवाद दिवस पर महत्वपूर्ण ढंग से मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया है। तो उन्होंने सभी विवेचकों ,बीट अफसरों और बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने और मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया है ताकि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बड़े। साथ ही जनता को भी यह समझ में आए कि उनके साथ पुलिस द्वारा किन साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई है और एक्शन लिया गया है।

### सोशल मीडिया पर बढ़ानी है मुस्तैदी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने जहां दिसंबर में होने वाले कई तरीके के आयोजनों और संवेदनशील विषयों को लेकर मॉनिटरिंग रखने का निर्देश दिया है। तो सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिया है कोई किसी भी धर्म का हो अगर वह कानून व्यवस्था की स्थिति के साथ खिलवाड़ करता है, तो उसपर एक्शन लिया जाए।

### शराबियों के खिलाफ चलेगा निरंतर अभियान : कमिश्नर




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने इस दौरान सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि सप्ताह में कम से कम दो दिन शराबियों के खिलाफ अभियान चलाया जाए। रात को सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और ऐसे स्थान जहां पर महिलाओं एवं आम लोगों की आवाजाही रहती है, खुले स्थान पर शराब पीने वाले और यातायात पुलिस के अधिकारियों को भी कहा गया है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाए ताकि सड़क हादसों में कमी आए और जीवन की रक्षा हो सके।

## संपादकीय

# भारत पर जलवायु प्रहार

जलवायु परिवर्तन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है। यह तापमान बढ़ा रहा है, बारिश को अनियमित कर रहा है, जिससे बाढ़ और सूखा आ रहा है। भूजल स्तर गिर रहा है और किसान कर्ज में डूब रहे हैं। सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं, लेकिन उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। पर्यावरण और रोजगार को साथ जोड़ना होगा। संजय सिंह जलवायु परिवर्तन 21वीं सदी में मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ( वढऊद्ध ) और ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन करोड़ों लोगों के जीवन को सीधे प्रभावित कर रहा है। गरीबी अब केवल आय की कमी नहीं रही, इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, ऊर्जा, आवास और जल जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी भी शामिल है।

गंभीर असर भारत आज जलवायु परिवर्तन के सबसे गंभीर प्रभावों का सामना कर रहा है। बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, बार-बार आने वाली बाढ़ और सूखा अब सामान्य हो चुके हैं। भारतीय मौसम विभाग (क्टऊ) के अनुसार, बीते दो दशकों में भारत का औसत तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है। यह मामूली आंकड़ा नहीं, बल्कि जीवन और जीविका, दोनों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

मौसम की मार। देश के लगभग 60% जिले किसी न किसी रूप में जलवायु संवेदनशील क्षेत्र घोषित किए जा चुके हैं। बुंदेलखंड, विदर्भ, मराठवाड़ा, राजस्थान, बिहार और झारखंड जैसे क्षेत्र लगातार सूखे और जल संकट से जूझ रहे हैं। वहीं, उत्तराखंड और हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य अतिवृष्टि और भूस्खलन से प्रभावित हैं। एक तरफ किसान की फसलें सूखे में झुलस जाती हैं, दूसरी ओर असम और बिहार में बाढ़ सब कुछ बहा ले जाती है। पानी का संकट केंद्रीय भूजल बोर्ड की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, देश के 60% से अधिक जिलों में भूजल स्तर लगातार गिरावट पर है। महाराष्ट्र का विदर्भ, कर्नाटक का उत्तरी भाग, मध्य प्रदेश का बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र, बिहार-झारखंड के पठारी इलाके - सभी जल संकट से जूझ रहे हैं। राजस्थान और हरियाणा के कई हिस्सों में जल स्तर 10 से 20 मीटर तक नीचे चला गया है। वहीं, उत्तराखंड, हिमाचल और उत्तर-पूर्वी राज्यों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। 2024 में औसत से 16% अधिक अतिवृष्टि दर्ज की गई, जिससे कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति बनी।

कर्ज और बेरोजगारी। नीति आयोग की रिपोर्ट बताती है कि भारत में करीब 23 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी में जी रहे हैं। इनमें से अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जो कृषि पर निर्भर है। हर साल फसल नष्ट होने, सिंचाई की कमी और जलवायु अस्थिरता के कारण किसान कर्ज के चक्र में फंस रहे हैं। परिवर्तन की जरूरत। विश्व बैंक के अनुसार, यदि जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण नहीं किया गया।

# भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी 50% आयात शुल्क निर्यातकों के लिए खतरे की घंटी




**नई दिल्ली।** अमेरिका भारतीय उत्पादों का सबसे बड़ा विदेशी बाजार है, अब वहां से भारतीय निर्यातकों के लिए खतरे की घंटी बज चुकी है। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) की ताजा रिपोर्ट ने भारतीय व्यापार जगत की चिंताओं को गहरा कर दिया है।

अमेरिका की भारतीय सामानों पर लगाए गए आक्रामक और अभूतपूर्व आयात शुल्कों (टैरिफ) के चलते, मई से अक्तूबर के बीच पिछले पांच महीनों में भारत के निर्यात में 28.5 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। यह आंकड़ा केवल संख्या में कमी नहीं, बल्कि भारतीय विनिर्माण और रोजगार के लिए एक बड़ी चिंता भी है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के अनुसार भारत से अमेरिका जाने वाला सबसे बड़ा उत्पाद स्मार्टफोन टैरिफ के कारण सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसमें मई की तुलना में 36% की गिरावट आई है। मई में जो निर्यात 2.29 अरब डॉलर था, वह अक्तूबर में सिमटकर 1.50 अरब डॉलर रह गया। केवल स्मार्टफोन के निर्यता में 790 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।

### श्रम आधारित क्षेत्रों पर सबसे गहरी मार

जीटीआरआई के अनुसार चिंता का सबसे बड़ा कारण श्रम आधारित क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में भारत के करोड़ों लोगों को रोजगार मिलता है। रत्न व आभूषण, कपड़ा, गारमेंट्स, रसायन और सीफूड जैसे क्षेत्रों पर 50% टैरिफ की सीधी मार पड़ी है। इन उत्पादों का निर्यात 31.2% लुढ़क कर 4.78 अरब डॉलर से 3.29 अरब डॉलर पर आ गया है। महज पांच महीनों में इन क्षेत्रों से लगभग 1.5 अरब डॉलर की पूंजी साफ हो गई है। रसायनों निर्यात में 38% की भारी गिरावट देखी गई है।

### अमेरिका में अगस्त से भारतीय उत्पादों पर लागू है 50% टैरिफ

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने भारतीय सामानों पर टैरिफ में जिस तरह की बढ़ोतरी की है, वह अप्रत्याशित है। इस साल 2 अप्रैल को पहली बार भारतीय उत्पदों पर 10 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ लगाया गया। 7 अगस्त को यह बढ़कर 25 प्रतिशत हुआ और अगस्त के अंत तक 50 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। ट्रंप सरकार की इस आक्रामक नीति का नतीजा यह हुआ कि मई से अक्तूबर 2025 के बीच अमेरिका को होने वाला भारतीय निर्यात 8.83 अरब डॉलर से घटकर महज 6.31 अरब डॉलर रह गया। गौर करने वाली बात यह है कि इस 'टैरिफ युद्ध' में भारत की स्थिति चीन से भी खराब हो गई है। जहां चीन को लगभग 30 प्रतिशत और जापान को केवल 15 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भंयकर भार है।

### स्मार्टफोन और फार्मा सेक्टर पर भी असर

भले ही स्मार्टफोन, दवाइयां और पेट्रोलियम उत्पादों पर तकनीकी रूप से टैरिफ का फैसला लागू नहीं है, लेकिन बाजार के गिरते सेंटीमेंट का असर इनके निर्यात पर भी पड़ा है। अक्तूबर के निर्यात में इन उत्पादों की हिस्सेदारी 40.3% थी। इनका निर्यात मई के 3.42 अरब डॉलर से गिरकर अक्तूबर में 2.54 अरब डॉलर रह गया। यानी सीधे तौर पर इसमें 881 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।

### वैश्विक मानकों वाले उत्पादों का हाल

लोहा, इस्पात, एल्युमीनियम और ऑटो पार्ट्स जैसे उत्पाद, जिन पर एक समान वैश्विक शुल्क लागू होते हैं, उनका प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। मई से अक्टूबर के बीच इन श्रेणियों में निर्यात 23.8% गिर गया। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के खिलाफ टैरिफ पर ट्रंप की नीतियों में जल्द नरमी नहीं आई, तो यहां के निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धी बने रहना मुश्किल हो जाएगा। इसका सीधा असर घरेलू उत्पादन और नौकरियों पर पड़ने की आशंका है।

# अनंत गोयनका बने फिक्की के नए अध्यक्ष, संगठन में शीर्ष स्तर पर बड़े बदलाव




**नई दिल्ली।** आरपीजी समूह के उपाध्यक्ष अनंत गोयनका ने 2025-2026 के लिए फिक्की के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। इसके साथ ही संस्थान में अन्य शीर्ष पदों पर भी नई नियुक्तियां हुई हैं। आइए विस्तार से जानते हैं।

इंडस्ट्री चेंबर फिक्की में नए नेतृत्व ने कमान संभाल ली है। आरपीजी ग्रुप के वाइस चेयरमैन अनंत गोयनका ने शनिवार को 2025झ26 के लिए फिक्की अध्यक्ष का पद संभाल लिया। उन्होंने इमामी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और एमडी हर्षवर्धन अग्रवाल का स्थान लिया है। यह जानकारी फिक्की द्वारा जारी बयान में दी गई। फिक्की के अनुसार अनंत गोयनका ने कैलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए किया है और यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया के व्हार्टन स्कूल से अर्थशास्त्र में बीएस डिग्री हासिल की है।

### दो अन्य शीर्ष पदों पर हुई नियुक्ति

संस्थान में अन्य शीर्ष पदों पर भी नई नियुक्तियां हुई हैं। द सनमार ग्रुप के चेयरमैन विजय शंकर ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला है। डालमिया भारत लिमिटेड के एमडी और सीईओ पुनीत डालमिया को फिक्की का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई टीम अब अगले एक वर्ष तक उद्योग जगत के हितों, नीति संवाद और आर्थिक विकास से जुड़े मुद्दों पर फिक्की का नेतृत्व करेगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।
- न्यूट्रीकल्चर लिमिटेड, मावेस्ले, लंकाशायर, ब्रिटेन द्वारा उगाए गए पौधे जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 मई 2000 के अनुसार सबसे लंबा टमाटर पौधा जो 19 .8 मीटर (65 फीट) की ऊंचाई पर पहुंच गया था।
- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।

# भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था: पीयूष गोयल का बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विकास के आंकड़ों ने कुछ वर्गों की ओर से किए गए दावों को खारिज कर दिया है। यह दशार्ता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि सरकारी सुधारों और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने से दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जारी हुई जीडीपी आंकड़ों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकारी सुधारों और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने से दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई।

गोयल ने दावा किया कि व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### विकास के आंकड़ों ने दूसरों के दावों को खारिज किया

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि विकास के आंकड़ों ने कुछ वर्गों की ओर से किए गए दावों को खारिज कर दिया है। यह दशार्ता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। हम निरंतर वृद्धि देखना जारी रखेंगे।

### जीएसटी में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई

गोयल ने बताया कि भारत के जीएसटी में भी इस वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्तूबर के दौरान उच्च वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान वस्तु निर्यात मामूली रूप से 0.63 प्रतिशत बढ़कर 254.25 अरब डॉलर हो गया, व आयात 6.37 प्रतिशत बढ़कर 451.08 अरब डॉलर हो गया। इस वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान, सेवाओं का निर्यात 237.55 अरब डॉलर रहा, वहीं अप्रैल-अक्तूबर 2024 में यह 216.45 अरब डॉलर था।

# एकस आईपीओ: 921.81 करोड़ का बहुप्रतीक्षित इश्यू अगले सप्ताह खुलेगा

**नई दिल्ली।** कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी एकस का बहुप्रतीक्षित अगले हफ्ते खुलने जा रहा है। 921.81 करोड़ के इस बुक-बिल्डिंग इश्यू ने निवेशकों का खास ध्यान खींचा है। उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और एयरोस्पेस पार्ट्स के कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग में विशेषज्ञ एकस की शुरूआत वर्ष 2000 में हुई थी।

कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी एकस का बहुप्रतीक्षित अगले हफ्ते खुलने जा रहा है। 921.81 करोड़ के इस बुक-बिल्डिंग इश्यू ने निवेशकों का खास ध्यान खींचा है। उपभोक्ता टिकाऊ



वस्तुओं और एयरोस्पेस पार्ट्स के कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग में विशेषज्ञ एकस की शुरूआत वर्ष 2000 में हुई थी। कंपनी एयरोस्पेस सेगमेंट में पूरी तरह वर्टिकली इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं प्रदान करती है।

### क्या चल रहा ग्रे मार्केट प्रीमियम

लेटेस्ट 43 प्रति शेयर दर्ज किया गया है। इसका मतलब है कि यदि शेयर ऊपरी मूल्य बैंड पर लिस्ट होते हैं, तो अनुमानित लिस्टिंग प्राइस 67 प्रति शेयर हो सकता है। यह इश्यू प्राइस के मुकाबले लगभग 34.68% का प्रीमियम दशार्ता है।

### IPO खोलने और बंद होने की तारीख

3 दिसंबर को निवेशकों के लिए खुलेगा। पब्लिक ऑफर की बोली लगाने की प्रक्रिया शुक्रवार, 5 दिसंबर को बंद होगी। कंपनी ने व्ढड का प्राइस बैंड 18 से 124 प्रति शेयर तय किया है। शेयर का फेस वैल्यू 0 है। कर्मचारियों के लिए प्रति शेयर 11 की छूट भी रखी गई है। एकस आईपीओ का लॉट साइज 120 शेयर है। इसके बाद आवेदन 120 के गुणक में ही किया जा सकता है। रिटेल निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश (एक लॉट) की राशि 14,880 बनती है। एंकर निवेशकों के लिए इश्यू

## राशिफल

**मेष:** वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्च न करें। वाणी पर नियंत्रण रखें, इससे बड़ों को ठेस लग सकती है।

**वृष:** परिवार के कुछ सदस्य अपने ईर्ष्यालु स्वभाव से झुंझलाहट का कारण बन सकते हैं। आपा खोने की जरूरत नहीं है, स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

**मिथुन:** लंबे समय से चली आ रही किसी बीमारी से आपको निजात मिल सकती है। साझेदारी के व्यवसाय और चालाकी भरी वित्तीय योजनाओं में निवेश न करें।

**कर्क:** भावनाओं पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। व्यापार में आज अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। आज आप अपने कारोबार को नई ऊंचाई दे सकते हैं।

**सिंह:** काम का बोझ कुछ तनाव और चिड़चिड़ेपन की वजह बन सकता है। घर के सदस्यों का हँसी-मजाक वाला व्यवहार घर के माहौल को खुशनुमा बना देगा।

**कन्या:** आज आपका स्वास्थ्य पूरी तरह अच्छा रहेगा। अतिरिक्त धन अचल संपत्ति में निवेश किया जा सकता है। किसी बुजुर्ग का स्वास्थ्य चिंता का कारण बनेगा।

**तुला:** कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज दिमाग का नसीब दिया है- इसलिए इनका पूरा-पूरा इस्तेमाल करें। आपको समय और धन की कद्र करनी चाहिए।

**वृश्चिक:** दूसरों की सफलता की सराहना करके आप उसका आनंद उठा सकते हैं। पुराने निवेशों के कारण आय में वृद्धि के योग हैं।

**धनु:** सेहत से जुड़े कार्यक्रम फिर से शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। विदेश में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दाम में बिक सकती है, जिससे आपको मुनाफा होगा।

**मकर:** बड़ों को लाभ उठाने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। व्यापारियों को उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसे मांगते हैं।

**कुंभ:** आज आपमें चपलता देखी जा सकती है। आपकी सेहत आज आपका पूरा साथ देगी। खर्चों में अप्रत्याशित वृद्धि आपके मन की शांति भंग करेगी।

**मीन:** ध्यान और योग आपके लिए आध्यात्मिक ही नहीं, शारीरिक रूप से भी फायदेमंद साबित होंगे। आज आप बिना किसी की मदद के पैसा कमाने में सफल रहेंगे।

## चुटकुले

टिंकू ने चिड़ियाघर में नौकरी कर ली
उसने शेर के पिंजरे को ताला नहीं लगाया।
अफसर- टिंकू तुमने शेर के पिंजरे को ताला क्यों नहीं लगाया?
टिंकू- क्या जरूरत है...इतने खतरनाक जानवर को कौन चुराएगा?

---

लड़की- स्टेशन तक के कितने पैसे लोगे?
रिक्शावाला- मैडम बीस रुपये
लड़की (हैरान सा मुंह बनाते हुए)- स्टेशन के बीस रुपये?
रिक्शावाला - हां मैडम, स्टेशन पूरा दो किलोमीटर है यहां से।
लड़की- ये तो रहा स्टेशन।
रिक्शावाला- मैडम हाथ पीछे कर लो, कहीं रेल के नीचे ना आ जाएं।

---

दोस्त: भाई, तेरी गर्लफ्रेंड क्यों नाराज है?
गोलू: मैंने उसकी तारीफ की थी!
दोस्त: फिर?
गोलू: वो बोली झ्र यह मेरी बचपन की फोटो है!




**सूचना:** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# नीलामी से पहले आंद्रे रसेल ने आईपीएल से लिया संन्यास

## केकेआर के साथ नई भूमिका में होंगे शामिल

**कोलकाता।** रसेल 2014 से केकेआर फ्रेंचाइजी का अभिन्न अंग रहे हैं, लेकिन अब वह टीम के साथ नई भूमिका में शामिल रहेंगे। रसेल केकेआर के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे और उन्हें पावर कोच नियुक्त किया गया है।

आईपीएल 2026 के लिए होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने आईपीएल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। रसेल को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टीम से रिलीज कर दिया था और माना जा रहा था कि नीलामी में उन पर बड़ी बोली लग सकती है, लेकिन इस स्टार ऑलराउंडर ने टूनार्मेंट को अलविदा कह दिया है। आईपीएल के आगामी सत्र के लिए मिनी नीलामी अबु धाबी में 16 दिसंबर को होगी।

### केकेआर के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे

37 साल के रसेल 2014 से केकेआर फ्रेंचाइजी का अभिन्न अंग रहे हैं, लेकिन अब वह टीम के साथ नई भूमिका में शामिल रहेंगे। रसेल केकेआर के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे और उन्हें पावर कोच नियुक्त किया गया है। केकेआर द्वारा रसेल को रिलीज करने का फैसला हैरान करने वाला था, लेकिन अब उन्होंने आईपीएल से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया है।

### अन्य लीग में खेलते रहेंगे रसेल

रसेल ने एक्स पर लिखा, मैं आईपीएल से संन्यास ले रहा हूं। आईपीएल का यात्रा शानदार रही, 12 वर्षों की यादें और केकेआर परिवार से काफी प्यार मिला। मैं दुनिया की अन्य लीग में अभी भी छक्के लगाऊंगा और विकेट लूंगा। सबसे अच्छी बात यह है कि मैं घर नहीं छोड़ रहा हूं। आप मुझे नई भूमिका में देखेंगे। केकेआर के सहायक स्टाफ के तौर पर 2026 में पावर कोच। नया अध्याय, लेकिन वही ऊर्जा, हमेशा नाइट का हिस्सा।

रसेल 2012 से आईपीएल का एक भी सत्र नहीं छोड़ा है। उन्होंने अपनी शुरूआती दो सत्र में दिल्ली की फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करने के बाद 2014 से केकेआर के साथ है। अपने बल्ले और गेंद से मैच का रूख किसी भी समय मोड़ने की क्षमता रखने वाले रसेल के नाम 140 मैचों में 174.18 की स्ट्राइक रेट से 2651 रन हैं। उन्होंने 123 विकेट लिए हैं।

### पोलार्ड के नक्शेकदम पर चले रसेल

सपोर्ट स्टाफ में शामिल होकर रसेल ने कैरेबियाई टीम के एक और दिग्गज टी20 क्रिकेटर कीरोन पोलार्ड के नक्शेकदम पर चलना शुरू कर दिया। पोलार्ड ने मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है। पोलार्ड इससे पहले लंबे समय तक खिलाड़ी के तौर पर मुंबई टीम का हिस्सा रहे हैं। रसेल ने कहा, मैंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की विभिन्न लीगों और केकेआर की अन्य सभी फ्रेंचाइजी के लिए सक्रिय रूप से खेलता रहूंगा। मैंने आईपीएल में कुछ शानदार पल और बेहतरीन यादें साझा कीं, छक्के जड़े, मैच जीते, एमवीपी हासिल किए। जब मैंने यह फैसला लिया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं कि प्रशंसक संन्यास क्यों नहीं ले रहे कि जगह संन्यास अभी क्यों ले रहे जैसे सवाल पूछे।



## विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेल सकते हैं विराट कोहली



**नई दिल्ली।** रोहित मुंबई के लिए खेल सकते हैं और माना जा रहा है कि कोहली भी बंगलूरू में दिल्ली टीम के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ मैचों में खेल सकते हैं।

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूनार्मेंट में खेल सकते हैं। 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाने वाला यह घरेलू टूनार्मेंट 24 दिसंबर से 18 जनवरी तक खेला जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद कोहली लंदन लौट जाएंगे, लेकिन इस घरेलू टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली टीम से जुडेंगे।

रिपोर्ट्स की मानें तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) चाहता है कि रोहित शर्मा और कोहली दोनों विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा लें। रिपोर्ट के अनुसार, रोहित मुंबई के लिए खेल सकते हैं और माना जा रहा है कि कोहली भी बंगलूरू में दिल्ली टीम के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ मैचों में खेल सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद कोहली लंदन लौट जाएंगे, लेकिन बंगलूरू में दिल्ली टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि, फिलहाल दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) से कोई बातचीत नहीं हुई है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह स्टार बल्लेबाज विजय हजारे ट्रॉफी में खेल सकता है। कोहली फिलहाल भारतीय टीम के साथ हैं जो रविवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। कोहली ने 2008 से 2010 तक विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली के लिए 13 मैच खेले हैं और कुल 819 रन बनाए हैं।

## विराट कोहली की मोहब्बत में सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान पर पहुंचा प्रशंसक, पैरों में गिरा

**रांची।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी पहले वनडे में विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा। मैच के दौरान एक प्रशंसक सुरक्षा घेरा तोड़कर कोहली के करीब पहुंच गया और पूर्व कप्तान के पैरों में गिर पड़ा। तभी मैदानकर्मी मौके पर पहुंचे और उसे बाहर ले गए।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी पहले वनडे में विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा। कोहली इस मैच में लय में नजर आए और उन्होंने शुरूआत से ही आक्रामक रवैया अपनाए रखा। कोहली के वनडे करियर का यह 52वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 83वां शतक है। मैच के दौरान एक प्रशंसक सुरक्षा घेरा तोड़कर कोहली के करीब पहुंच गया और पूर्व कप्तान के पैरों में गिर पड़ा। तभी मैदानकर्मी मौके पर पहुंचे और उसे बाहर ले गए।



**रोहित के साथ शतकीय साझेदारी के बाद कोहली का सैकड़ा**

कोहली ने 102 गेंदों पर सैकड़ा पूरा किया। इससे पहले उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाए थे। इससे पहले कोहली ने रोहित के साथ शानदार शतकीय साझेदारी निभाई थी। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 109 गेंदों में 136 रनों की साझेदारी हुई। रोहित अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन मार्को यानसेन ने एलबीडब्ल्यू आउट कर उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। इस तरह रोहित और कोहली के बीच यह साझेदारी टूट गई। रोहित 51 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए।

कोहली के वनडे में अब 52 शतक हो गए हैं और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली से पहले ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने टेस्ट में 51 शतक लगाए थे, लेकिन अब कोहली उनसे आगे निकल गए हैं।

## घर में सबसे ज्यादा बार 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने विराट कोहली

**रांची।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को इतिहास रच दिया। वह घर में वनडे में सबसे ज्यादा बार 50 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। बता दें कि, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला रांची में खेला जा रहा है। इस मैच में मेहमानों ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

### कोहली ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

इस मुकाबले में किंग कोहली का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महज 48 गेंदों में अपने वनडे करियर का 76वां अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ उन्होंने बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर ली। वह घर में वनडे खेलते हुए 50 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने यह कारनामा 59 बार किया। वहीं, सचिन तेंदुलकर ने 58 बार वनडे में 50 से ज्यादा रनों की पारी खेली। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस हैं जबकि चौथे पायदान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग हैं।

### रोहित और कोहली के बीच हुई शतकीय साझेदारी

विराट कोहली ने इस दौरान रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई। नांद्रे बर्गर ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। यशस्वी ने तेज शुरूआत दिलाई थी, लेकिन वह इस लय को बरकरार नहीं रख सके और विकेट के पीछे डि कॉक को कैच थमा बैठे। इसके बाद रोहित ने कोहली के साथ मिलकर मोर्चा संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच 109 गेंदों पर 136 रनों की साझेदारी हुई।

रोहित अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन मार्को यानसेन ने एलबीडब्ल्यू आउट कर उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। इस तरह रोहित और कोहली के बीच यह साझेदारी टूट गई। रोहित 51 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए।

इसी के साथ रोहित और कोहली के बीच घर में वनडे में सबसे ज्यादा रनों की साझेदारी हुई। 41 पारियों में दोनों के बीच 2598 रनों की साझेदारी हुई। इस मामले में दूसरे स्थान पर कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने हैं, जिन्होंने 57 पारियों में 2596 रनों की साझेदारी की।




**घर में वनडे में सबसे ज्यादा रनों की साझेदारी**

| बल्लेबाजी जोड़ी | पारियां | घर में रन (वनडे) |
|---|---|---|
| विराट कोहली & रोहित शर्मा | 41 | 2598* |
| कुमार संगकारा & महेला जयवर्धने | 57 | 2596 |
| इयोन मॉर्गन & जो रूट | 38 | 2364 |
| वीरेंद्र सहवाग & सचिन तेंदुलकर | 51 | 2310 |

**घर में वनडे में सबसे ज्यादा बार 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज**

| बल्लेबाज | देश | घर में 50+ स्कोर (वनडे) |
|---|---|---|
| विराट कोहली | भारत | 59* |
| सचिन तेंदुलकर | भारत | 58 |
| जैक्स कैलिस | दक्षिण अफ्रीका | 46 |
| रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 45 |

## वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने रोहित शर्मा

**पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी ने अपने वनडे करियर में कुल 351 छक्के लगाए हैं, लेकिन रोहित के नाम अब इस प्रारूप में 352 छक्के हो गए हैं और वह सभी से आगे निकल गए हैं। रोहित ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान हासिल की।**

**रांची।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रोहित ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान हासिल की। इस मैच से पहले रोहित ये उपलब्धि हासिल करने से तीन छक्के दूर थे और उन्होंने मैच में तीन छक्के लगाते ही पाकिस्तान के शाहीद अफरीदी को पीछे छोड़ दिया।

### रोहित ने की दमदार बल्लेबाजी

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में शानदार बल्लेबाजी की। रोहित को शुरूआत में जीवनदान मिला था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। रोहित इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अच्छी फॉर्म में थे और उन्होंने इस लय को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी बरकरार रखा है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी ने अपने वनडे करियर में कुल 351 छक्के लगाए हैं, लेकिन रोहित के नाम अब इस प्रारूप में 352 छक्के हो गए हैं और वह सभी से आगे निकल गए हैं।

### शाहीद अफरीदी को पीछे छोड़ा



रोहित ने पारी के 15वें ओवर में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर प्रेनेलन सुब्रयन की गेंद पर डीप मिडविकेट पर लगातार दो छक्के लगाकर अफरीदी की बराबरी की और फिर मार्को यानसेन की गेंद को डीप स्क्वायर लेग पर पुल करके अफरीदी के काफी कम पारियों में सर्वाधिक वनडे छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड बना लिया। रोहित ने 2007 में पदार्पण के बाद भारत के लिए 278 मैचों की 270वीं पारी में इस उपलब्धि को हासिल किया।

### कोहली के साथ निभाई शतकीय साझेदारी

रोहित ने इस दौरान कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ पहले वनडे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। नांद्रे बर्गर ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। यशस्वी ने तेज शुरूआत दिलाई थी, लेकिन वह इस लय को बरकरार नहीं रख सके और विकेट के पीछे डि कॉक को कैच थमा बैठे। इसके बाद रोहित ने कोहली के साथ मिलकर मोर्चा संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच 109 गेंदों पर 136 रनों की साझेदारी हुई। रोहित अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन मार्को यानसेन ने एलबीडब्ल्यू आउट कर उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। इस तरह रोहित और कोहली के बीच यह साझेदारी टूट गई। रोहित 51 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए।

## कनाडा को हराकर भारत सुल्तान अजलन शाह कप के फाइनल में

**नई दिल्ली।** जुगराज सिंह के चार गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को बड़े स्कोर वाले मुकाबले में कनाडा को 14-3 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप के फाइनल में जगह बनाई।



जुगराज सिंह के चार गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को बड़े स्कोर वाले मुकाबले में कनाडा को 14-3 से हराकर सुल्तान अजलन शाह कप के फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम को टूनार्मेंट में अभी तक सिर्फ बेल्जियम से एक गोल से हार मिली लेकिन पिछले मैच में न्यूजीलैंड पर 3-2 की शानदार जीत के बाद खिलाड़ी आत्मविश्वास से ओतप्रोत थे। भारतीय टीम रविवार को फाइनल में बेल्जियम से भिड़ेगी।

**नीलकांत ने दिलाई अच्छी शुरूआत:** नीलकांत शर्मा ने मैच की शुरूआत चौथे मिनट में गोल दागकर की जिसके बाद सीनियर टीम में डेब्यू करने के बाद अच्छी फॉर्म में चल रहे राजिंदर सिंह ने 10वें मिनट में गोल कर दिया। यह रोमांचक शुरूआत रही। कनाडा ने शुरूआती गोल का जवाब पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके उसे गोल में बदलकर दिया। फिर अगले कुछ मिनटों में जुगराज सिंह और अमित रोहिदास ने क्रमशः 12वें और 15वें मिनट में गोल कर किए जिससे भारत की बढ़त 4-1 हो गई। इस टूनार्मेंट के लिए टीम के सीनियर स्टार खिलाड़ियों को आराम दिया गया था इसलिए बेहतर प्रदर्शन करने की जिम्मेदारी युवा खिलाड़ियों पर थी और उन्होंने कनाडा के डिफेंस को दबाव में रखकर अच्छा प्रदर्शन किया।

## बंगाल के खिलाफ आया अभिषेक शर्मा का तूफान

### महज 32 गेंदों पर जड़ दिया शतक, गुरु युवराज की बराबरी पर पहुंचे

**हैदराबाद।** अभिषेक सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पंजाब टीम की कमान संभाल रहे हैं। अभिषेक ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और प्रभसिमरन सिंह के साथ टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई।

भारतीय टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दमदार प्रदर्शन किया। बंगाल के खिलाफ एलीट ग्रुप सी मुकाबले में अभिषेक ने महज 32 गेंदों पर अर्धशतक जड़ दिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले अपना दम दिखाया। अभिषेक पिछले कुछ समय से भारतीय टी20 टीम का स्थायी रूप से हिस्सा हैं और अगले साल टी20 विश्व कप से पहले उनका फॉर्म में रहना भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। अभिषेक की दमदार बल्लेबाजी से पंजाब ने बंगाल के खिलाफ 20 ओवर में पांच विकेट पर 310 रन बनाए। अभिषेक ने 52 गेंदों पर आठ चौकों और 16 छक्कों की मदद से 148 रन बनाए।

### शमी के ओवर से जुटाए 23 रन



अभिषेक सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पंजाब टीम की कमान संभाल रहे हैं। अभिषेक ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और प्रभसिमरन सिंह के साथ टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। अभिषेक ने पहली ही गेंद से आक्रामक बल्लेबाजी की और महज 12 गेंदों पर पचासा जड़ दिया। उन्होंने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के ओवर से 23 रन जुटाए।

### टी20 करियर का जड़ा आठवां शतक

अभिषेक और प्रभसिमरन ने इतनी आक्रामक होकर बल्लेबाजी की जिससे पंजाब का स्कोर 10 ओवर की समाप्ति के बाद बिना किसी नुकसान के 163 रन हो गया। बंगाल के गेंदबाजों के पास इन दोनों का कोई तोड़ नहीं था। अभिषेक का 157 पारियों में यह आठवां टी20 शतक है और उन्होंने इस मामले में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली है। टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज में विराट कोहली आगे हैं जिन्होंने नौ शतक लगाए हैं। इतना ही नहीं, अभिषेक सबसे तेज टी20 अर्धशतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं और उन्होंने इस मामले में अपने गुरु युवराज सिंह की बराबरी कर ली है। युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था।

## पहले मैच में तीन स्पिनर और इतने ही तेज गेंदबाजों के साथ उतरा भारत, वाशिंगटन-ऋतुराज शामिल; पंत बाहर

**रांची।** भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में खेले जा रहे पहले वनडे मैच में तीन स्पिनर और इतने ही तेज गेंदबाजों के साथ उतरा है। इस मैच से पहले टीम संयोजन को लेकर काफी माथापच्ची हो रही थी, लेकिन टीम प्रबंधन ने तीन स्पिनर और इतने ही विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला लिया। दिलचस्प बात यह है कि ऋषभ पंत को एकादश में जगह नहीं मिली और कप्तान केएल राहुल इस मैच में विकेटकीपिंग की भूमिका भी निभाएंगे।

**दक्षिण अफ्रीका ने जीता टॉस**

दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ पहले वनडे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने भी कहा कि अगर वह टॉस जीतते तो पहले गेंदबाजी करने का फैसला ही लेते। केएल ने इस बात की पुष्टि कर दी कि ऋतुराज गायकवाड़ इस मैच के लिए प्लेइंग-11 का हिस्सा होंगे, जबकि रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरूआत करेंगे।

पंत-राहुल का साथ खेलना मुश्किल?




विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और केएल राहुल दोनों ही इस सीरीज का हिस्सा हैं। केएल शुभमन गिल की अनुपस्थिति में टीम की कमान संभाल रहे हैं तो यह तय था कि वह मैच में होंगे, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की थी कि पंत राहुल के साथ एकादश में कैसे फिट हो सकते हैं। पंत का खेलना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता था क्योंकि वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जबकि भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अधिकतर बल्लेबाज दाएं हाथ के हैं। भारत इस मैच में पहले बल्लेबाजी कर रहा है और रांची में शाम को ठंडे मौसम में लक्ष्य का बचाव करना आसान नहीं रहेगा। ऐसे में टीम प्रबंधन ने अतिरिक्त गेंदबाज को चुनना बेहतर विकल्प समझा। वहीं, ऑलराउंडर के तौर पर नीतीश रेड्डी की जगह वाशिंगटन सुंदर को प्लेइंग-11 में जगह दी गई है, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ भी इस मैच में खेल रहे हैं।

**दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ पहले वनडे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने भी कहा कि अगर वह टॉस जीतते तो पहले गेंदबाजी करने का फैसला ही लेते।**

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:** रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

**दक्षिण अफ्रीका:** रेयान रिकेल्टन, क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), मैथ्यू ब्रिट्जके, टोनी डि जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसेन, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायेन, नांद्रे बर्गर, ओटनिल बार्टमैन।




# डंपर की टक्कर से दो की जान गई आक्रोशित परिजन शव लेकर घर लौटे



**लोनी।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र स्थित बदरपुर पचायरा पुश्ता मार्ग पर रविवार शाम ट्रोनिका से घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मार्ग पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंचे स्वजन घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने घायलों को मृत घोषित कर दिया। स्वजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को घर ले गये। मृतक के स्वजन ने पुलिस को शवों का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस मृतक के परिवार को समझाने के प्रयास में जुटी है।

ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र स्थित बदरपुर गांव निवासी 32 वर्षीय शरीफ उर्फ शैफू पुत्र रोजुद्दीन और 35 वर्षीय आरिफ पुत्र आकिब रविवार शाम ट्रोनिका सिटी से बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह पचारयरा पुश्ता के पास पहुंचे पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों मार्ग पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये।

घटना को अंजाम देने के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस व स्वजन को दी। स्वजन ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने दोनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे स्वजन दोनों के शवों को उठाकर घर ले गये। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वजन से शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कहीं। दोनों युवकों के परिवार वाले रिश्तेदार है। एसीपी ने बताया कि स्वजन ने पुलिस से शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

# नगर निगम के टैंकर ने दरोगा के बेटे को कुचला, मौके पर मौत

## पुरानी रंजिश में हत्या की आशंका, चालक फरार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कविनगर थानाक्षेत्र में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ पानी का छिड़काव करने वाले नगर निगम के टैंकर ने 24 वर्षीय युवक शिवम चौधरी को कुचल दिया।



हादसे में शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद टैंकर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। रजापुर निवासी शिवम चौधरी बाइक से कहीं जा रहा था। घर से करीब 100 मीटर पहले ही नगर निगम के टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। शिवम के पिता कृष्णपाल सिंह बुलंदशहर एसएसपी की गाड़ी के ड्राइवर हैं और हाल ही में हेड कॉन्स्टेबल से प्रमोशन पाकर दरोगा बने हैं।

### 20 दिन पहले हुई थी बहन की शादी



**करंट क्राइम :** परिजनों के मुताबिक, 20 दिन पहले ही शिवम की बहन की शादी हुई थी। बेटे की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। अस्पताल में पिता कृष्णपाल सिंह फूट-फूटकर रो पड़े। शिवम उनका इकलौता बेटा था। सूत्रों के अनुसार, टैंकर चालक भी रजापुर गांव का ही रहने वाला है। दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश की जानकारी सामने आ रही है। परिवार ने आशंका जताई है कि चालक ने योजनाबद्ध तरीके से शिवम को टक्कर मारी। इसी संदर्भ में पुलिस इस मामले को हत्या की शक की दृष्टि से भी देख रही है।

### एसीपी बोले-परिवार की शिकायत पर होगी कार्रवाई

**करंट क्राइम:** एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला सड़क हादसा प्रतीत हो रहा है। परिवार ने घटना की जानकारी दे दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और परिवार की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है।

# यातायात माह-2025 समापन: सड़कों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस ने दिया जागरूकता का संदेश

**नोएडा।** कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में भव्य समारोह में यातायात माह-2025 का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनपदवासियों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ प्रवीण रंजन सिंह व एडीसीपी मनीषा सिंह तथा एआरटीओ उदित नारायण ने किया।



समापन समारोह में पुलिस उपायुक्त एवं अपर पुलिस उपायुक्त ने यातायात माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नोएडा के सेक्टर-14ए में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ प्रवीण रंजन सिंह ने कहा कि सड़क पर नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि गति अधिक होने, लापरवाही और हेलमेट न पहनने के कारण प्रतिवर्ष अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जो परिवारों के जीवन को प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है, और सड़क पर जिम्मेदारी ही सुरक्षा का आधार है। सुरक्षित यातायात केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

उन्होंने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद भर में विशेष अभियान, हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेकिंग, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, जनसंपर्क अभियान और सड़क सुरक्षा रैलियां आयोजित की गईं। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस उपायुक्त यातायात ने सभी नागरिकों से यातायात नियमों को जानने व पालन करने की अपील की तथा उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा तभी सफल होगी जब नागरिक स्वयं नियमों को अपनी आदत बनाएंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने की उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई गई। तथा जनपदवासियों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और अपने परिवार के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अनुशासन और सतर्कता ही सड़क सुरक्षा की कुंजी है।

कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त नोएडा शकील अहमद, राकेश प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहें।

# पार्षद गौरव सोलंकी रोज अपने कार्यालय में लगा रहे एसआईआर सहायता कैंप





### बीएलओ के साथ मिलकर लोगों की समस्याओं का कर रहे समाधान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा जोन के वार्ड 76 के पार्षद गौरव सोलंकी अपने कार्यालय में लगातार एक विशेष एसआईआर (सर्वजन इन्फॉर्मेशन रेजिस्ट्रेशन) सहायता कैंप आयोजित कर रहे हैं। यहाँ वे स्थानीय बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के साथ मिलकर रोजाना सुबह शाम लोगों से मिलते, फॉर्म भरवाते और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान करते हैं।

पार्षद सोलंकी ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि कोई भी नागरिक फॉर्म भरने में परेशानी न पड़े और उसकी समस्या का समाधान तुरंत हो। बीएलओ के सहयोग से हम यह काम हर दिन कर पा रहे हैं।

इस पहल में वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों से लोग आकर फॉर्म जमा कर रहे हैं और अपनी समस्याओं को लेकर चर्चा कर रहे हैं। बीएलओ की मौजूदगी से फॉर्म की त्रुटियों को मौके पर ही ठीक किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बन गई है।

पार्षद गौरव सोलंकी के इस नियमित कैंप को स्थानीय निवासियों ने सराहा है और उम्मीद जताई है कि आगे भी यह सहयोग जारी रहेगा।

# नंदग्राम में एमसीए छात्र की संदिग्ध मौत पर बवाल

## परिजनों ने थाने का घेराव कर पुलिस पर लापरवाही के लगाए आरोप

### परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम, पुलिस के खिलाफ लगाए नारे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** सिटी जोन के थाना नंदग्राम में एमसीए छात्र वतन राणा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। रविवार को परिवारजन और स्थानीय लोग नंदग्राम थाने पहुंच गए और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए थाने का घेराव किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर जांच में देरी कर रही है और पूरे मामले में गंभीर लापरवाही बरत रही है।

मृतक के पिता राकेश राणा और बहन सुरभि ने बताया कि जिस घर में वतन का शव मिला, उस कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। ऐसे में वतन द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की संभावना नगण्य है।

परिवार ने स्पष्ट रूप से इसे हत्या का मामला बताया और आरोप लगाया कि पुलिस हत्या की दिशा में जांच करने के बजाय मामले को आत्महत्या की ओर मोड़ने की कोशिश कर रही है। परिजनों ने मांग की कि सच्चाई सामने लाने के लिए उचित दिशा में निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से जांचने का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया है।





**करंट क्राइम :** नंदग्राम में एमसीए छात्र की संदिग्ध मौत के मामले को लेकर रविवार रात परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों ने पहले थाने में हंगामा किया और उसके बाद सड़क पर जाम लगा दिया। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए जांच में लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि पुलिस जानबूझकर मामले में देरी कर रही है, जबकि कई अहम पहलुओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। आक्रोशित परिजनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उच्च अधिकारियों से मामले की विस्तृत और वैज्ञानिक आधारित जांच की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि मामले की हर एंगल से जांच की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एसआईआर अभियान के तहत जल्द से जल्द फॉर्म जमा करें : हेमलता शर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 80 में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों पर बीएलओ की मदद से बड़ी संख्या में फॉर्म जमा हुए हैं। इस दौरान डीएवी स्कूल, खेतान स्कूल और सहयोग पार्क में आयोजित विशेष सत्र में पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा, वार्ड80 के भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

हेमलता शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी की जागरूकता से आज बहुत सारे फॉर्म जमा हो चुके हैं, लेकिन अभी भी कुछ लोग फॉर्म घर पर रखे हुए हैं। मेरी उनसे अपील है कि आप भी जल्द से जल्द अपने फॉर्म बीएलओ को जमा कर दें। लास्ट डेट का इंतजार न करें। अभियान के अंतर्गत बीएलओ ने बूथ स्तर पर फॉर्म भरने में मदद की और जमा प्रक्रिया को तेज किया। वार्ड के निवासियों से अनुरोध है कि वे अपने फॉर्म तुरंत जमा कर इस पुनरीक्षण प्रक्रिया को सफल बनाएं।

# राधाकुंज आरडब्ल्यूए की बैठक संपन्न

## सुभाष राणा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राधाकुंज स्थित आरडब्ल्यूए की बैठक में सर्वसम्मति से सुभाष राणा को अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित सुभाष राणा, यादराम चौधरी, उमेश सक्सेना, बिजेन्द्र कुमार भारद्वाज, राकेश कुमार शर्मा, मोहित पाण्डे, योगेन्द्र बैंसला, मुक्ति बोध, कालू राम, डीएस चौधरी, विनोद कुमार, विक्रम सिंह चौधरी, राजकुमार शर्मा और विजय कुमार ने इस निर्णय का सर्वसमर्थन किया। नवनियुक्त अध्यक्ष सुभाष राणा ने कहा, मैं इस सम्मान के लिए सभी सदस्यों का हृदय से आभारी हूँ। राधाकुंज के विकास और सामुदायिक एकता के लिए हम मिलकर काम करेंगे। आने वाले समय में हम स्वच्छता, सुरक्षा और सामाजिक पहल को प्राथमिकता देंगे, ताकि हर निवासी को बेहतर जीवन का अनुभव हो। आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने इस चयन को स्थानीय स्तर पर सकारात्मक बदलाव की आशा के रूप में सराहा की।

# पुलिस का बड़ा खुलासा: डिलीवरी ऐप की तर्ज पर चल रही थी गांजा तस्करी



**नोएडा।** ऑनलाइन ऐप्स के माध्यम से गांजा तस्करी करने वाले एक गैंग का पदार्फाश करते हुए थाना सेक्टर-113 पुलिस ने 3 अभियुक्त गिरफ्तार किया है। अभियुक्त शातिर किस्म के बदमाश है। अभियुक्तों इनके कब्जे से 10 किलो 100 ग्राम (ओजी, मैंगो, शिलोंग आदि प्रकार) अवैध गांजा एवं पैकिंग मैटेरियल बरामद हुआ है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस द्वारा शानिवार को एक सूचना के आधार पर एफएनजी सर्विस रोड सेक्टर-123 से अभियुक्त योगेंद्र प्रताप सिंह पुत्र शिवनंदन सिंह, सूरज उर्फ रुद्र पुत्र वीरेंद्र पासवान तथा शिवकेश त्रिपाठी पुत्र रामकुमार त्रिपाठी को 10 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि अभियुक्त कॉलेजों एवं कॉर्पोरेट ऑफिसों के आसपास छुट्टी एवं लंच के समय जाकर लोगों को ऑनलाइन माध्यम से गांजा उसी की लोकेशन पर उपलब्ध कराने का प्रचार करते थे तथा अपना मोबाइल नंबर उन्हें दे देते थे। ऑनलाइन ऐप्स के माध्यम से उनकी लोकेशन एवं ऑर्डर प्राप्त कर ऑनलाइन भुगतान ले लेते थे।




# क्या फिर बदलने वाले हैं एसीपी के फेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाली सिस्टम में फिर उठापटक होने की संभावना जताई जा रही है। सुनने में आ रहा है कि एक बड़ी लिस्ट जारी होने की चर्चा फिर जोरों पर सुनाई दे रही है। वैसे भी दिसंबर वाला महीना शुरू हो गया है और अब एसीपी स्तर की प्रदेश स्तर पर होने वाली लिस्ट का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि यह या तो इसी हफ्ते जारी की जा सकती है या फिर 6 दिसंबर के बाद लंबी तबादला एक्सप्रेस को आउट किया जाएगा। बताया जा रहा है कि जो एसीपी और सीओ स्तर के अधिकारी किसी जनपद या कमिश्नरेट में तीन साल का समय पूरा कर चुके हैं, उनके जाने का समय आ चुका बताया जा रहा है। इस आदेश का असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भी पड़ने के प्रमुख आसार हैं। बताया जा रहा है कि दो एसीपी तो रडार पर तय माने जा रहे हैं, यह संख्या तीन और चार में भी पहुंच सकती है। अब देखना होगा कि लखनऊ मुख्यालय वाले अधिकारी लोग क्या क्राइटेरिया बनाते हैं और पास वाले कमिश्नरेट पर जाते हैं। वैसे कहा जा रहा है कि अगर मामला बिगड़ा तो दूरी चिंता का कारण बन सकती है। बताया जा रहा है कि अबतक जो यूपी में तबादले का पैटर्न रहा है, वह पश्चिम से पूर्व और पूर्व से पश्चिम वाला रहा है, अगर इस बार पैटर्न में परिवर्तन आया तो फिर कई परेशान हो सकते हैं। उधर संभावना यह है कि इस लिस्ट के आने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भी सिटी और देहात वाले जोन में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा। माना जा रहा है कि सिटी से एक से दो एसीपी आउट होंगे ,तो डाउट देहात वालों को लेकर भी चल रहा है। वैसे पुलिस महकमे और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आईपीएस वाली लिस्ट को लेकर भी अभी भी स्थिति क्लियर नहीं है। जिसकी वजह से अभी कुछ कहा नहीं जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देखना होगा कि थाना प्रभारी का जिम्मा संभालने के बाद अंडर ट्रेनी आईपीएस को किस सर्किल में भेजा जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 6 दिसंबर के बाद कुछ बदलाव भी देखने को मिलने की संभावना बनी हुई है। जिसके बाद देखना होगा किसको फेयरवेल मिलेगी और किसको सर्किल वाला गिफ्ट।



# वार्ड 89 में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान जोरों पर

## पार्षद राजकुमार भाटी ने की अपील : जनता के सहयोग से ही लोकतंत्र मजबूत होगा







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली वार्ड 88 के पार्षद राजकुमार भाटी ने लोगों से अपनेअपने मतदान केंद्र पर पहुँचकर एसआईआर फॉर्म जमा करने की अपील की। जिनके पास अभी तक फॉर्म नहीं आया, वे तुरंत अपना फॉर्म प्राप्त कर लें। बीएलओ आपके घर घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे है। यह अभियान अंतिम चरण में है। देर होने पर बीएलओ और तहसील के एसडीएम के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। पार्षद राजकुमार सिंह ने कहा, कृपया इस सूचना को अपने स्थानीय व्हाट्सएप, आरडब्ल्यूए ग्रुप और अन्य माध्यमों में जरूर शेयर करें, ताकि सभी मतदाता समय पर अपना फॉर्म जमा कर सकें। आप सभी का सहयोग हमारे लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# हिंदू इकोनॉमिक फोरम की मीटिंग में स्वामी विज्ञानानंद का ओजस्वी संबोधन

## उद्यमियों से प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग अपनाने का आह्वान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑल इंडिया मैन्युफैक्चरर्स ऑर्गेनाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) परिसर में हिंदू इकोनॉमिक फोरम (गाजियाबाद चैप्टर) की बैठक रविवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम में स्वामी विज्ञानानंद ने अपने प्रभावशाली संबोधन में उपस्थित हिंदू उद्यमियों को आपसी प्रतिस्पर्धा छोड़कर सहयोग की भावना से व्यापार बढ़ाने का आह्वान किया। स्वामी विज्ञानानंद इस विषय पर विश्व स्तर पर लंबे समय से जागरूकता अभियान चला रहे हैं। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रबंधन मंडल के सदस्य, मुरादाबाद के डॉक्टर राजकमल गुप्ता भी उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन हिंदू इकॉनॉमिक फोरम (गाजियाबाद चैप्टर) द्वारा किया गया। मंच संचालन उपेंद्र गोयल ने किया और अतिथियों का स्वागत व सम्मान अध्यक्ष संजीव सचदेव द्वारा किया गया।

बैठक में संरक्षक बृजेश चौधरी, महासचिव संजीव अरोड़ा, वित्त सचिव अनिल तनेजा सहित अनुज शर्मा, राज ढींगरा, मुकेश गर्ग, सत्येंद्र गौतम, अभिषेक सचदेव, विभोर गोयल, लक्ष्य गोयल, अमरीश गोयल, संजय टिबरेवाल एवं अनेक उद्यमी उपस्थित रहे। अंत में संजीव सचदेव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और जलपान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति

करंट क्राइम

Dinesh Kumar Goel · Follow

38m ·

आज गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री सतेंद्र शिशोदिया जी के सुपुत्र एवं हापुड़ के निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री नरेश तोमर जी की सुपुत्री के विवाह समारोह वेदांता (नायाब) गाजियाबाद में पहुंचकर अपनी शुभकामनाएँ दी ।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल हमेशा अपनों के हर खुशी के अवसर पर शामिल होते हैं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के सुपुत्र के विवाह समारोह में एमएलसी दिनेश गोयल पहुंचे और शुभकामनाएं दी तथा वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। खुशी के इस पल को उन्होंने अपनी फेसबुक पर साझा किया। एमएलसी दिनेश गोयल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।






# कैलिफोर्निया में गोलीबारी, चार की मौत

## 10 घायल, बच्चे की बर्थडे पार्टी में चलीं गोलियां



**पुलिस के अनुसार, गोलीबारी की घटना स्टॉकटन के लुसिले एवेन्यू के 1900वें ब्लॉक में घटी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टॉकटन के उप-मेयर जेसन ली ने बताया कि एक बच्चे के बर्थडे के दौरान गोलीबारी की घटना हुई।**




**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। पुलिस ने बताया कि कैलिफोर्निया के स्टॉकटन में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है और 10 लोग घायल हुए हैं। एक बच्चे की बर्थडे पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलीबारी में मरने वाले लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं।

### स्टॉकटन के उप-मेयर ने दी जानकारी

सैन जाओकिन काउंटी शेरिफ ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया कि मरने वालों में दो बच्चे और दो व्यस्क शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच में ऐसा लग रहा है कि इन लोगों की निशाना बनाकर हत्या की गई। गोलीबारी की घटना एक बैंक्वेट हॉल के भीतर हुई। पुलिस गोलीबारी के पीछे की वजह तलाशने में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी की घटना स्टॉकटन के लुसिले एवेन्यू के 1900वें ब्लॉक में घटी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टॉकटन के उप-मेयर जेसन ली ने बताया कि एक बच्चे के बर्थडे के दौरान गोलीबारी की घटना हुई। उन्होंने घटना पर दुख जताया और कहा कि वह अधिकारियों के संपर्क में हैं। पुलिस ने एहतियातन घटनास्थल की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया है।

### मिसिसिपी में हुई गोलीबारी में हुई थी छह की मौत

बीते माह अमेरिका के मिसिसिपी डेल्टा क्षेत्र में भी गोलीबारी की घटना हुई थी। दो अलग-अलग जगहों पर हुई गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग घायल हो गए। राज्य के सीनेटर डेरिक सिमंस ने बताया कि एक घटना में लीलैंड शहर में हाई स्कूल फुटबॉल होमकमिंग गेम के बाद गोलीबारी हुई। इसमें चार लोगों की मौत हुई और 4 अन्य घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना हाइडलबर्ग शहर में हाई स्कूल होमकमिंग वीकेंड के दौरान स्कूल परिसर में गोलीबारी हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

# अमेरिका में आव्रजन कार्रवाई से दहशत, न्यूयॉर्क पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी, कई हुए गिरफ्तार




**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि प्रदर्शनकारियों को सड़क जाम हटाने के आदेश दिए गए, लेकिन उन्होंने इसकी अनदेखी की। बयान के मुताबिक सरकारी पॉर्किंग के पास करीब 200 से ज्यादा प्रदर्शनकारी इकट्ठा हो गए थे।

अमेरिका के न्यूयॉर्क में शनिवार को लोअर मैनहट्टन में एक सरकारी पार्किंग गैराज के बाहर संभावित आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन किया गया। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान टकराव के बाद कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह घटना चाइनाटाउन के पास स्थित एक सुविधा केंद्र के बाहर हुई। इस केंद्र के बाहर बड़ी संख्या में संघीय एजेंट संभावित आव्रजन छापे के लिए इकट्ठा हुए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार भीड़ बढ़ने के साथ मौके पर हालात बिगड़ गए।

एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने वाहनों को रोका, जिसके चलते सड़क जाम हो गई। अधिकारियों ने भीड़ को हटाने के लिए कई एलान किए, लेकिन हालात जस के तस बने रहे।

जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो अधिकारियों ने कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। न्यूयॉर्क पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि प्रदर्शनकारियों को सड़क जाम हटाने के आदेश दिए गए, लेकिन उन्होंने इसकी अनदेखी की। बयान के मुताबिक सरकारी पॉर्किंग के पास करीब 200 से ज्यादा प्रदर्शनकारी इकट्ठा हो गए थे।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कूड़ेदान और गमले फेंकना शुरू कर दिया। वे सड़क जाम करके वाहनों को रोकने लगे, इसके चलते पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। हालांकि, होमलैंड सुरक्षा विभाग ने संघीय एजेंटों की ओर से किसी भी तरह की कार्रवाई की योजना बनाए जाने पर बयान जारी नहीं किया है। गौरतलब है कि शनिवार को हुई झड़प उसी इलाके में एक बड़ी संघीय प्रवर्तन कार्रवाई के एक महीने बाद हुई है।

# नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से मांगा क्षमादान, अपने खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे के बीच किया अनुरोध



**येरुशलम।** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से अनुरोध किया है कि वे उन पर लंबे समय से चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमे के दौरान उन्हें क्षमादान प्रदान करें, जिसके कारण देश में कड़वाहट फैल गई है।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने चल रहे भ्रष्टाचार मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति से आधिकारिक रूप से माफी मांगी है। यह कदम इस्राइल की राजनीति में बड़ा और असाधारण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है। वहीं राष्ट्रपति कार्यालय ने इस आवेदन को 'असाधारण और दूरगामी असर वाला कदम' बताया है।

**क्यों खास है यह माफी मांगने का फैसला?**

बेंजमिन नेतन्याहू का यह कदम ऐसे समय आया है जब देश में उनके खिलाफ चल रही सुनवाई समाज को राजनीतिक रूप से दो हिस्सों में बांट चुकी है। इसके अलावा, कुछ हफ्ते पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस्राइल सरकार को नेतन्याहू को माफी देने की सलाह दी थी।

### नेतन्याहू पर क्या हैं आरोप?

बेंजमिन नेतन्याहू इस्राइल के इतिहास में पहले ऐसे मौजूदा प्रधानमंत्री हैं जिन पर भ्रष्टाचार का मुकदमा चल रहा है। उनके खिलाफ तीन बड़े मामलों में आरोप दर्ज हैं। इसमें धोखाधड़ी, भरोसे का उल्लंघन, रिश्वत लेना शामिल हैं। इन मामलों में आरोप है कि नेतन्याहू ने अमीर व्यापारियों और राजनीतिक समर्थकों से उपहार और फायदे लिए और बदले में उन्हें लाभ पहुंचाया। हालांकि, अब तक किसी भी मामले में उनकी दोष सिद्धि नहीं हुई है। वह लगातार सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं।

# हांगकांग अग्निकांड में मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा, अभी भी 150 लोग लापता

**हांगकांग।** हांगकांग में सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई है। जबकि 150 लोगों का अभी भी पता नहीं चल पाया है, क्योंकि तलाशी अभियान पांचवें दिन भी जारी है।

हांगकांग में बुधवार को लगी भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया है। सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी इस आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई है। वहीं, अब भी 150 लोगों का कोई पता नहीं है और बचाव दल लगातार तलाश में जुटा हुआ है। यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है।



### कैसे लगी आग?

हांगकांग सरकार के सुरक्षा मंत्री क्रिस टैंग के मुताबिक, आग की शुरूआत इमारत के निचले हिस्से में लगी प्लास्टिक और फोम बोर्ड वाली जालीदार परत से हुई। हवा और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते सातों इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज तापमान ने बांस से बनी निर्माण सामग्री और स्कैफोल्डिंग को भी जला दिया, जिससे जलते हुए बांस के टुकड़े गिरकर आसपास की इमारतों में आग फैलाते गए।

**हादसे के बाद कई खामियां उजागर:** घटना के बाद बचे हुए लोगों ने गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार कई मंजिलों पर फायर अलार्म नहीं बजे, बाहर निकलने के रास्ते भी बंद थे, इमारतों में पुरानी और खराब आग सुरक्षा व्यवस्था थी। इन इमारतों में कुल 1984 फ्लैट और लगभग 4600 निवासी थे, इसलिए नुकसान काफी बड़ा है।

### हांगकांग अग्निकांड में तबाही की तस्वीर

इस अग्निकांड में अब तक कुल 146 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 150 लोग लापता बताएं जा रहे हैं। इस हादसे में कुल सात इमारतें प्रभावित हुई हैं, जिनमें करीब 1984 फ्लैट थे। जबकि इस घटना की वजह से लगभग 4600 लोग विस्थापित हुए हैं।

### चीन में बड़ा अभियान शुरू

इस घटना के बाद पूरे चीन में चिंता बढ़ गई है। इसी वजह से चीन सरकार ने ऊंची इमारतों, अस्पतालों, ऑफिसों, मॉल और सार्वजनिक स्थलों पर तुरंत फायर सेफ्टी जांच का आदेश दिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि निकासी रास्तों, पुरानी वायरिंग और ज्वलनशील निर्माण सामग्री की तुरंत जांच की जाए और खामियों को ठीक किया जाए।

### अग्निकांड के बाद कुल आठ गिरफ्तारियां

इस हादसे में आग के तेजी से बढ़ने की वजहों की जांच चल रही है। अब तक मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें एक महिला भी शामिल है, जो इमारतों के नवीनीकरण कार्य से जुड़ी थी। वहीं आरोप है कि निर्माण में नियमों के खिलाफ सस्ती और ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

# पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस मंजूर करेगा बड़ा रक्षा समझौता

**मास्को।** राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की संसद भारत-रूस रक्षा सहयोग पर आधारित महत्वपूर्ण आरईएलओएस समझौते को मंजूरी देने जा रही है। यह कदम दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच सैन्य सहयोग को और मजबूत करेगा।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा से पहले रूसी संसद का निचला सदन भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते पर मुहर लगाने वाला है। पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसंबर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत-रूस के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए 18 फरवरी, 2025 को रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक एग्रीमेंट यानी रसद पारस्परिक आदान-प्रदान समझौता हुआ था। भारत की तरफ से इस पर मास्को में भारतीय राजदूत विनय कुमार व रूस की ओर से तत्कालीन उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने हस्ताक्षर किए थे। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने रूसी सरकार के नोट के साथ आरईएलओएस को अपने अनुमोदन वाले डाटाबेस में अपलोड किया है।

इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य कार्यों के लिए समन्वय को सुव्यवस्थित करना है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण क्षेत्र की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा, जिसमें राजनीति से लेकर विज्ञान और मानवीय सहयोग तक शामिल हैं। पुतिन और पीएम मोदी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दे भी प्रमुखता से शामिल होंगे।

# अमेरिका में प्रवासन पर स्थायी रोक लगाने पर अड़े ट्रंप UN की अपील भी खारिज, बोले- जारी रहेंगी बंदिशें

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वॉशिंगटन में हुए आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों से आने वाले लोगों के प्रवासन पर रोक लगा दी थी। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की कई एजेंसियों ने अमेरिकी प्रशासन से शरणार्थियों को देश में आने की अनुमति जारी रखने की अपील की थी, जिसे ठुकरा दिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप 'सभी तीसरी दुनिया के देशों से प्रवासन को स्थायी रूप से रोकने' के अपने रुख पर अड़े हुए हैं।

तीसरी दुनिया के देशों में खासतौर से युद्धग्रस्त या आर्थिक रूप से कमजोर देश शामिल हैं। इन देशों के नागरिकों के लिए अमेरिका में प्रवेश पर ट्रंप ने रोक लगा दी है। अपने हालिया एक पोस्ट में ट्रंप ने प्रवासन पर रोक लगाने के अपने कदम को सही ठहराने के लिए आव्रजन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम (आईएनए) की धारा 212



**आईएनए की धारा 212 (एफ) अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी भी आवेदक या आवेदकों के किसी भी वर्ग के प्रवेश को निलंबित करने का अधिकार देती है। राष्ट्रपति आवेदकों के प्रवेश पर कोई भी प्रतिबंध लगा सकते हैं, जिसे वह उचित समझें।**

(एफ) का हवाला दिया।

आईएनए की धारा 212 (एफ) अमेरिकी राष्ट्रपति को किसी भी आवेदक या आवेदकों के किसी भी वर्ग के प्रवेश को निलंबित करने का अधिकार देती है। इस धारा से राष्ट्रपति को यह भी अधिकार मिलता है कि वह आवेदकों के प्रवेश पर कोई भी प्रतिबंध लगा सकते हैं, जिसे वह उचित समझें। यह प्रतिबंध उस अवधि के लिए लागू किया जा सकता है, जब वह यह निर्धारित करने पर आवश्यक समझें कि उनका प्रवेश संयुक्त राज्य अमेरिका के हितों के लिए नुकसानदायक होगा।

ट्रंप ने आईएनए की धारा 212 (एफ) का हवाला देते हुए कहा, ₹जब भी राष्ट्रपति को लगता है कि किसी विदेशी या किसी वर्ग के विदेशी का संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश संयुक्त राज्य अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक होगा, तो वह घोषणा करके, और आवश्यक समझे जाने वाली अवधि के लिए, सभी विदेशी या किसी वर्ग के विदेशी अप्रवासी या गैर-अप्रवासी के रूप में प्रवेश निलंबित कर सकते हैं।

ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को आव्रजन प्रतिबंधों को और कड़ा कर दिया और विदेश विभाग के निर्देश के बाद सुरक्षा उपायों की एक श्रृंखला लागू की, जिसके तहत अफगान पासपोर्ट रखने वाले सभी यात्रियों के लिए वीजा जारी करने पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इस फैसले का एलान करते हुए कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप के विदेश विभाग ने अफगान पासपोर्ट पर यात्रा करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है।'

# अमेरिका में 10 बच्चों की मौत को कोविड वैक्सीन से जोड़ने का दावा

**वॉशिंगटन।** स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने हाल में कोविड टीकाकरण को लेकर सरकार की नीति बदल दी है। अब यह टीका केवल 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे व्यक्तियों को ही दिया जाएगा।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के हवाले से दावा किया है कि कोविड-19 टीकाकरण के कारण कम से कम 10 बच्चों की मौत हुई है। इन मामलों में दिल की सूजन को संभावित वजह बताया गया है। रिपोर्ट में जिस पत्र का जिक्र किया गया है, वह एफडीए के मुख्य चिकित्सक और वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. विनय प्रसाद ने लिखा है। इसमें बच्चों की आयु, स्वास्थ्य स्थित्ति या किस कंपनी का टीका लगाया गया था इनका विवरण नहीं है।

स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने हाल में कोविड टीकाकरण को लेकर सरकार की नीति



बदल दी है। अब यह टीका केवल 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे व्यक्तियों को ही दिया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार यह मेमो ऋड्ढअ के मुख्य मेडिकल और वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. विनय प्रसाद ने तैयार किया है। इस मेमो में बच्चों की उम्र, उनकी स्वास्थ्य स्थिति या किस कंपनी की वैक्सीन शामिल थी।

इनमें से किसी भी जानकारी का जिक्र नहीं है। निष्कर्षों को एक गंभीर खुलासा बताया गया है और सभी आयु समूहों में वैक्सीन की प्रभावशीलता और सुरक्षा की जांच के लिए और अधिक रैंडमाइज्ड अध्ययन की सिफारिश की गई है।

# यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका पहुंचा, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपने बयान से दिए युद्ध विराम के संकेत

**वॉशिंगटन।** रूस यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए बातचीत की कोशिशें तेज हो गई हैं। इस बीच एक यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ से मुलाकात करने रविवार को अमेरिका पहुंच गया है। यह प्रतिनिधिमंडल फ्लोरिडा में रूस के साथ युद्ध विराम की योजना पर अमेरिकी नेताओं से चर्चा करेगा। राष्ट्रपति ट्रंप के सलाहकार जेरेड कुशनर भी इस बैठक में शामिल रहेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी संकेत दिए हैं कि वे भी युद्धविराम के लिए तैयार हैं।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति बोले- युद्ध का गरिमापूर्ण अंत संभव

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को एक बयान में कहा कि युद्ध का गरिमापूर्ण अंत संभव है क्योंकि अमेरिका एक रचनात्मक



दृष्टिकोण दिखा रहा है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल को आज शाम तक (स्थानीय समयनुसार) अमेरिका में होना चाहिए।

जिनेवा बिंदुओं पर आधारित बातचीत जारी रहेगी। कूटनीति सक्रिय है। अमेरिका रचनात्मक दृष्टिकोण दिखा रहा है, और आने वाले दिनों में यह तय करना मुमकिन है कि युद्ध को गरिमापूर्ण तरीके से कैसे खत्म किया जाए। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के पास जरूरी निर्देश हैं, और मुझे उम्मीद है कि लोग यूक्रेनी प्राथमिकताओं के हिसाब से काम करेंगे।'

**'जिनेवा में बैठकों के नतीजे अमेरिका में तय किए जाएंगे'**

**यूक्रेनी राष्ट्रपति ने एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'यूक्रेन, अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है, और हमें उम्मीद है कि जिनेवा में हुई बैठकों के नतीजे अब अमेरिका में तय किए जाएंगे।'**

यूक्रेन की नेशनल सिक्योरिटी और डिफेंस काउंसिल के सचिव रुस्तम उमरोव, यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'यूक्रेन, अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है, और हमें उम्मीद है कि जिनेवा में हुई बैठकों के नतीजे अब अमेरिका में तय किए जाएंगे। मैं अपने प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा हूं। यूक्रेन की जय हो।'

यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल ऐसे समय अमेरिका में है, जब रूस ने यूक्रेन पर 36 मिसाइलें और 600 ड्रोन्स से हमला किया, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए हैं और दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

### पुतिन की चेतावनी

रूसी राष्ट्रपति ने भी सकारात्मक संकेत देते हुए कहा है कि लड़ाई खत्म करने की अमेरिका की योजना संघर्ष विराम का आधार बन सकती है। हालांकि, पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर कीव पीछे नहीं हटा तो रूस जबरदस्ती और इलाके पर कब्जा कर लेगा। पुतिन ने गुरुवार को किर्गिस्तान के बिश्केक में मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'क्रेमलिन को उम्मीद है कि स्टीव विटकॉफ की लीडरशिप में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आने वाले हफ्ते में मॉस्को आएगा। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि क्रेमलिन 'गंभीर चर्चा' के लिए तैयार है।

# पाकिस्तान गाजा में भेजेगा सैनिक, उप प्रधानमंत्री डार बोले- हमास से समर्पण करवाना हमारा काम नहीं

**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व में जारी गाजा संकट को लेकर पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाया है। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने शनिवार को घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। डार ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से समर्पण करवाना नहीं है, यह फिलिस्तीनी प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय कानून का विषय है।

डार ने कहा कि गाजा में किसी भी मिशन से पहले इस बात की जरूरत है कि सैनिकों की भूमिका, विनियमन, अधिकार और जिम्मेदारियां बिल्कुल स्पष्ट हों। क्त्रऋ का मुख्य उद्देश्य युद्धोपरांत गाजा पट्टी में स्थिरता, सुरक्षा और मानवीय व्यवस्था को बहाल करना है।

**हमास से समर्पण करवाने की जिम्मेदारी हमारी नहीं: डार**

डार ने साफ कहा कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है। यह फिलिस्तीन के कानून और संबंधित अधिकारियों का दायित्व है, अन्य देशों को इसमें दखलंदाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल शांति और स्थिरता बहाल करने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में योगदान देगा।



**4 साल में 4,000 पाक सैनिक मारे जाने का दावा**

डार ने यह भी दावा किया कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान 4,000 सैनिकों की मौत और 20,000 से अधिक जवानों के घायल होने जैसी भारी कीमत चुका चुका है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान को सुरक्षा और आतंकवाद के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के लड़ाकों को सीमा इलाके में पनाह नहीं दी जानी चाहिए।

**पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है।**

डार ने दावा किया कि हाल में तालिबान सरकार ने उन्हें जानकारी दी कि सैकड़ों टीटीपी उग्रवादियों को हिरासत में लिया गया है। अफगान विदेश मंत्री अमीर मुत्ताकी ने पाकिस्तान को प्रतिनिधिमंडल भेजकर इन उग्रवादियों की गिरफ्तारी की पुष्टि करने को भी कहा है।




# भाजपा नेता मनोज भाटी की सुपुत्री कालिंदी का शुभ विवाह धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता मनोज भाटी की सुपुत्री कालिंदी का शुभ विवाह जतिन चौधरी के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और सभी ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया।

# इंदिरापुरम में सांसद अतुल गर्ग ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम के 'मन की बात'





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शक्तिखंड-1 में पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के भाजपा कार्यालय पर रविवार को सांसद अतुल गर्ग ने कार्यकर्ताओं के संग प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। कार्यक्रम का संयोजन अनिल मेहंदीरत्ता ने किया। कार्यकर्ताओं ने संगठन मजबूती का संकल्प भी दोहराया। इस दौरान मनोज डागा, शिक्षक प्रकोष्ठ की संयोजक कविता सिंह, पारुल सिंह, पार्षद राधेश्याम त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमीत, सतीश कसाना, बबिता दीक्षित, मंजू सिंह, सुनील कुमार शर्मा मास्टर,किशोर ठाकुर, दिनेश सिंह देवदत्त पाल आदि। कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद अतुल गर्ग ने 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को जनजन तक पहुँचाने की बात कही और कार्यकर्ताओं को इन संदेशों को अपनेअपने क्षेत्रों में लागू करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक सुनवाई नहीं, बल्कि जनता के साथ सीधा संवाद का मंच है, जिससे सामाजिक बदलाव की गति तेज होती है। स्थानीय नेताओं ने 'मन की बात' को बूथ स्तर पर सुनने और समझने की पहल की। इस बार का आयोजन विशेष रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला की नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है, जिन्होंने सभी को एक साथ लाकर इस महत्त्वपूर्ण संवाद को सफल बनाया।

## वार्ड 86 में पार्षद मदन राय ने बीएलओ के साथ मिलकर तेज किया एसआईआर अभियान

### बोले, फॉर्म जल्दी जमा करें, नहीं तो वोट कटेगा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेन्द्र नागर के वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के सहयोग से चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी की है।

उन्होंने स्थानीय निवासियों से अपील की है, जल्द से जल्द अपने फॉर्म बीएलओ को जमा कर दें, वरना आपका वोट कट सकता है।



पार्षद मदन राय ने कहा कि बीएलओ के साथ मिलकर बूथस्तर पर फॉर्म भरने में मदद की जा रही है और जमा प्रक्रिया को तेज किया गया है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि लास्ट डेट का इंतजार न करें और अपने फॉर्म तुरंत जमा कर इस पुनरीक्षण को सफल बनाएं।

## तेज रफ्तार ट्रकों ने ली दो लोगों की जान, एक गंभीर घायल




नोएडा। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर तेज रफ्तार ट्रक चालकों ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे दो लोगों को टक्कर मार दी। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई। इसके अलावा एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस तीनों मामलों की जांच कर रही है। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने बताया कि राधेश्याम झा उम्र 26 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर कुलेसरा के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान एक ट्रक के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी से नदियापार वाले श्याम ने कर लिया है क्या महानगर से लेकर क्षेत्र वाली टीम में कोई एडजस्ट प्लान तैयार? कहने वाले ने कहा कि विधायक जी के खास ने जब निकाली अपनी जुबान से ये बात तो उसे सुन रहे थे वहां कई कान? उसने बताया अपना प्लान और कहा टीम में आयेंगे हमारे ही लोग? फिर कहा महानगर की टीम में दो - चार को कराना है समायोजित? इसके बाद भी नहीं रूकी जुबान और कहा क्षेत्रीय टीम में भी करायेंगे अपने लोगों को एडजस्ट? क्या इस बात को सुनकर किसी ने प्रकट किये थे अपने विचार? कहने वाले ने कहा कि ये ना इसकी भाषा है और ना है इसकी जुबान? इसके पीछे तो किसी और की है प्लानिंग और किसी और का ही दिमाग कर रहा है काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के उस लाज वाले पथ के मंडल में क्यों लग रहा है मित्तल नेता को इस बात से असंतोष? उनके पास वैसे तो कई पद हैं लेकिन मंडल में जिम्मेदारी ना मिलने से क्या उनके दिल में सुलग रहा है कोई रोष? सुना है वो संभाल रहे थे 9 साल से मंडल में सैक्टर के संयोजक वाली जिम्मेदारी? सुना है वो मंडल में खेल चुके हैं बूथ अध्यक्ष वाली भी पारी? अब उनका दिल है इस बात को लेकर भारी कि नहीं मिली उन्हें मंडल में कोई जिम्मेदारी? क्या यहां किसी ने पूरे आलोक के साथ कर दिया है उन्हें मंडल से विलोपित, कुछ ऐसी ही मिल रही है जानकारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधानसभा के चुनावी रण से बहुत पहले ही ठाकुरों ने भरनी शुरू कर दी है इस बार अपनी भागीदारी की हुंकार? सुना है वो चाहते हैं अब विधानपरिषद, विधानसभा में अपने समाज से कोई टिकट? जब खोड़ा में निकली रन फॉर यूनिटी तो यहां पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर साहब ने रख दी अपने दिल की बात? उन्होंने कहा हमारी बिरादरी वाले नेताओं का हो रहा है शोषण? फिर उन्होंने रखा बिरादरी की एकजुटता का विचार? और दिया एक बैठक का प्रस्ताव? कहने वाले ने कहा कि जब चौहान ने रखी ये बात तो इस बात को सुन रहे थे वहां उनकी बिरादरी के राघव? कहने वाले ने कहा कि अभी तो चुनाव में देर है और तब फैसला करेंगे माघव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या इस बार आने जा रहा है विधानसभा की चुनावी परिपाटी में कोई ट्विस्ट? कहने वाले ने कहा कि अगर नदियापार से आ गया कोई ठाकुर चेहरा तो धौलाना वाली सीट पर बदल जायेगा सीन? कहने वाले ने कहा कि जिस तरह से ठाकुर समाज ने अब बजा दी है अपनी एकजुटता और चुनावी दावेदारी की बीन? वो कर रहे हैं जिस तरह से ये डिमांड़? उससे लग रहा है बदलेगा कई सीटों का सीन और आयेगा नया ही निकलकर समीकरण श्रीमान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप लिखकर रख लो मेरी एक बात? भगवागढ़ का एक चेहरा इस बार लड़ेगा गाजियाबाद से लगभग 100 किलोमीटर दूर जाकर चुनाव? कहने वाले ने कहा कि वहां पर होने लगी है इस बात की चर्चा? इस बार गाजियाबाद वाले ही आकर भरेंगे चरथावल से पर्चा? कहने वाले ने कहा कि वहां पर उनकी बिरादरी का है एक बड़ा वोट बैंक? अगर वो लड़े चुनाव तो उनकी पॉलिटिकल लाईफ का होगा ये पहला पब्लिक वाला चुनाव? कहने वाले ने कहा कि आगे आगे देखिये क्या होता है जनाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पहलवान का जलवा देखकर जब हो गया उन्हीं के दल के फ्लॉवर पार्षदों को रस्क? सुना है पार्षदों ने कहा कि वार्ड हो तो ऐसा और जलवा हो तो ऐसा कि पार्क का उद्घाटन करने भी खुद प्रभारी मंत्री आयें? सुना है पार्क में खुला है ओपन जिम और लगी है हाई मास्ट लाईट? दीवारों पर हुई है सुन्दर पेंटिंग और लगा है राजस्थानी स्टोन? ये देखकर शर्मा पार्षद, भाटी पार्षद से लेकर ठाकुर पार्षद की भी बदली हुई दिखाई दी टोन? काश वो भी करवा पाते अपने वार्ड में ऐसा विकास? फि लहाल तो पहलवान की ताकत कायम है साहब ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि केवल विकास से काम नहीं चलता है और कार्यक्रम को ईवेंट बनाने के लिए भी लगाना पड़ता है दिमाग और बनाना पड़ता है प्लान? ऐसे ही तो नहीं कहा जाता है उन्हें उस ईलाके में भगवा पहलवान? पहले उन्होंने विकास की एक पूरी थीम तैयार की और फिर करवा लिये विकास के प्रस्ताव पास? उद्घाटन का नारियल तब निकाला जब प्रभारी मंत्री का कार्यक्रम आ गया पास? स्वागत का समारोह अलग हुआ और लगे हाथ हो गया प्रभारी मंत्री के कर कमलों से शिलान्यास? मंत्री जी ने भी देख लिया पहलवान का जलवा और वार्ड वालों को मिल गया विकास वाली सौगात का हलवा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महानगर की टीम में कौन सा ब्राह्मण चेहरा लेने जा रहा है भगवा योद्धा की टीम में स्थान? कहने वाले ने कहा कि इस बार हो सकता है नदियापार वाली विधानसभा से भी ये नाम? कहने वाले ने कहा कि चार ब्राह्मण चेहरों के बीच चल रही है टीम में आने को लेकर फाईट? सुना है नदिया के उस पार से उड़ी है किसी नाम को लेकर लखनऊ वाली डोर के साथ कोई काईट? जो भी हो बाबा कुर्सी के पेटी बंध लो, कभी उड़ सकती है संगठन की टेक ऑफ वाली फ्लाइट ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें समझ नहीं आती है कभी कभी भगवा कमान्डर के प्रिय क्रांतिकारी त्यागी जी की टोन? कभी वो कहते हैं कि फेसबुक लाईव आकर करूंगा और कभी लिखते हैं कि रहूंगा एक महीने तक मौन? कहने वाले ने कहा कि पहले वो ठीक से ही लड़ लें अपने दिमाग से फाईट? फिर तय कर लें कि क्या रॉंग है या राईट? कहने वाले ने कहा हमें तो समझ ही नहीं आती है उनकी इस तरह की आईस-पाईस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस दिन योगी जी आये थे मुरादनगर तब आपने दिया था एक बड़े चेहरे का नाम नहीं लेने का पैगाम? कहने वाले ने कहा यहां पर एक बड़े चेहरे का नहीं बल्कि सीएम साहब ने दूसरे बड़े चेहरे का भी नही लिया था नाम? कहने वाले ने कहा कि ये चर्चा हो रही है संगठन वालों में आम? कहने वाले कह रहे हैं कई दिल जलों के लिए उनके द्वारा ये नाम ना लिया जाना कर रहा है झंडू बाम का काम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।